* वर्ष 40 * अंक 46 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर मंगलवार दिनांक 12 नवम्बर 2024

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# पंचतत्व में विलीन हुए महेंद्र सिंह, मेवाड़ ने दी नम आंखों से विदाई





## अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब, व्यापारियों ने सम्मान में बाजार रखा बंद



**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य और पूर्व सांसद महेंद्र सिंह मेवाड़ (83) का सोमवार शाम करीब 4 बजे अंतिम संस्कार हो गया। उनके बेटे और नाथद्वारा से भाजपा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने उन्हें मुखाग्नि दी। पौत्र देवजादित्य सिंह भी साथ में था। महेंद्र सिंह मेवाड़ का रविवार को निधन हो गया था।

उदयपुर स्थित उनके निवास समोर बाग पैलेस से आज सुबह 11 बजे उनकी अंतिम यात्रा शुरू हुई थी। यह जगदीश चौक, घंटाघर, बड़ा बाजार, भड़भूजा घाटी, देहली गेट होते हुए दोपहर तीन बजे आयड़ स्थित महासतिया पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

उनकी अंतिम यात्रा जिस भी सड़क और बाजार से गुजरी थी, वहां बड़ी संख्या में लोग उनके अंतिम दर्शन करने के लिए पहुंचे थे। यहां तक कि बड़ा बाजार समेत उदयपुर शहर के कई बाजारों में व्यापारियों ने सम्मान में दुकानें भी बंद रखीं।

इससे पहले, सुबह 8 से 11 बजे तक महेंद्र सिंह मेवाड़ की पार्थिव देह समोर बाग पैलेस में अंतिम दर्शन के लिए रखी गई थी। यहां उनका पूरा परिवार मौजूद रहा। महेंद्र सिंह मेवाड़ के बहू महिमा कुमारी राजसमंद से भाजपा सांसद हैं।सीएम भजनलाल शर्मा, बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, बीजेपी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया समेत कई राजनेताओं और ब्यूरोक्रेट्स ने महेंद्र सिंह मेवाड़ को पुष्पांजलि अर्पित की।

### ब्रेन स्ट्रोक आया था, 13 दिन अस्पताल में भर्ती रहे

पूर्व राजपरिवार से जुड़े अजातशत्रु सिंह शिवरती ने बताया- 28 अक्टूबर को महेंद्र सिंह मेवाड़ को ब्रेन स्ट्रोक आया था। तभी से वे अनंता हॉस्पिटल के ICU में भर्ती थे। अनंता हॉस्पिटल में रविवार दोपहर में उन्होंने अंतिम सांस ली थी। महेंद्र सिंह मेवाड़ की पार्थिव देह 10 नवंबर की शाम को उदयपुर स्थित समोर बाग लाई गई थी।



## विस उपचुनाव प्रचार का शोर थमा, अब घर-घर संपर्क

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान में 13 नवंबर को होने वाले सात विधानसभा क्षेत्र झुंझुनूं, रामगढ़, चौरासी, सलूंबर, दौसा, खींवसर और देवली-उनियारा के उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार का दौर एवं शोर सोमवार शाम को थम गया और चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी अब घर घर जाकर अपने लिए वोट मांग रहे हैं। उपचुनाव में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी, विपक्षी दल कांग्रेस, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) तथा भारत आदिवासी पार्टी (बाप) सहित अन्य पार्टियों के प्रत्याशियों एवं निर्दलीयों सहित 69 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। उपचुनाव के लिए मतदान बुधवार को होगा। उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार थम जाने से पहले चुनाव प्रचार का दौर पूरे परवान चढ़ा हुआ था। इन 7 विधानसभा क्षेत्रों में पांच सीटों झुंझुनूं , देवली-उनियारा, खींवसर, सलूंबर और चौरासी सीट पर त्रिकोणीय जबकि रामगढ़ और दौसा सीट पर सीधा मुकाबला नजर आ रहा है।

## 30 दिन के लिए जेल से बाहर आया आसाराम, आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज कराएगा

**जोधपुर (पुकार)।** रेप केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहा आसाराम जेल से बाहर आ गया है। जोधपुर हाईकोर्ट ने 7 नवंबर को आसाराम को इलाज के लिए 30 दिन की पैरोल दी थी। वह जोधपुर के भगत की कोठी स्थित निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में अपना इलाज करवाएगा। उसे रविवार रात एम्बुलेंस के जरिए लाया गया और अस्पताल में भर्ती करवाया।



इस दौरान आसाराम को देखने के लिए अस्पताल के बाहर उसके समर्थकों की भीड़ जुट गई। हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश दिनेश मेहता और न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने आसाराम के इलाज के लिए अनुमति देने के आवेदन पर आदेश दिए थे। उसे 11 साल में दूसरी बार इलाज के लिए पैरोल मिली है। इससे पहले उसे अगस्त में 7 दिन की पैरोल मिली थी।

आसाराम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आरएस सलूजा और यशपाल राजपुरोहित ने पैरवी करते हुए इलाज की अनुमति के लिए आवेदन पेश किया था। आसाराम के वकीलों ने जब तक अस्पताल से डॉक्टर छुट्?टी नहीं दे देता, तब तक अनिश्चितकालीन अवधि तक इलाज की अनुमति मांगी थी।

सरकारी वकील अतिरिक्त महाधिवक्ता दीपक चौधरी ने 30 दिन की अनुमति की दलील दी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने आसाराम को 30 दिन इलाज के लिए पैरोल दी। इससे पहले 13 अगस्त को हाईकोर्ट ने 7 दिन की पैरोल दी थी।

## मणिपुर : सीआरपीएफ चौकी पर हमला करने पहुंचे 10 उग्रवादियों को सुरक्षाबलों ने किया ढेर

### 1 जवान भी घायल, 5 स्थानीय लोग लापता

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के जिरिबाम जिले में सोमवार को सीआरपीएफ जवानों ने एनकाउंटर में 10 कुकी उग्रवादियों को मार गिराया। घटना दोपहर 2.30 बजे बोरोबेकेरा के जकुराडोर करोंग इलाके की है। यहां के पुलिस स्टेशन और सीआरपीएफ चौकी पर इन उग्रवादियों ने हमला किया था। जवाबी कार्रवाई के दौरान सीआरपीएफ का एक जवान घायल हुआ, उसका असम के सिलचर में इलाज जारी है। ये इलाका असम सीमा से लगा हुआ है। पुलिस स्टेशन के नजदीक ही मणिपुर हिंसा में विस्थापित लोगों के लिए एक राहत शिविर है। यहां रह रहे लोग कुकी उग्रवादियों के निशाने पर हैं। शिविर पर पहले भी हमले हो चुके हैं। एहतियातन इस इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई और अगले आदेश तक कर्फ्यू लगाया गया है।

अधिकारियों के मुताबिक उग्रवादी सैनिकों जैसी वर्दी पहने थे। इनके पास से 3 एके राइफल, 4 एसएलआर , 2 इंसास राइफल, एक आरपीजी, 1 पंप एक्शन गन, बीपी हेलमेट और मैगजीन बरामद हुई हैं।



### 5 लोगों की किडनैपिंग की आशंका, इंफाल में किसान की हत्या

सूत्रों ने बताया कि पुलिस स्टेशन पर हमला करने के बाद उग्रवादी पुलिस स्टेशन से एक किलोमीटर दूर जकुराडोर करोंग में एक छोटी सी बस्ती की ओर भागे और घरों में आग लगानी शुरू कर दी। इस दौरान वे सुरक्षाबलों पर गोलियां बरसाते रहे। इस दौरान 5 लोगों के लापता होने की खबर है। दावा है कि उग्रवादियों ने इन्हें अगवा कर लिया है। सोमवार को ही मणिपुर के याइंगंगपोकपी शांतिखोंगबन इलाके में खेतों में काम कर रहे एक किसान पर उग्रवादियों ने पहाड़ी से गोलीबारी की। इसके कारण एक किसान की मौत हो गई। इसके अलावा कई किसानों को चोटें आईं। पुलिस ने बताया कि इस इलाके में उग्रवादी लगातार तीन दिन से पहाड़ी से निचले इलाकों में फायरिंग कर रहे हैं। खेतों में काम कर रहे किसानों को निशाना बनाया जा रहा है, क्योंकि यहां धान की फसल की कटाई चल रही है। हमलों के कारण किसान खेतों में जाने से डर रहे हैं। असम राइफल्स ने सोमवार को बताया कि बीते 3 दिनों में मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने कई हथियार, गोला-बारूद और आईईडी जब्त किए हैं।

## कश्मीर-लद्दाख में सीजन की पहली बर्फबारी

### ऐतिहासिक मुगल रोड बंद, स्की रिसॉर्ट में पर्यटक उमड़े; कुछ दिन हल्की बर्फबारी का अनुमान




**श्रीनगर (एजेंसी)।** कश्मीर घाटी के कई पहाड़ी और मैदानी इलाकों सोमवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई। कुपवाड़ा जिले के साधना टॉप, गुरेज, पीर पंजाल रेंज, पीर की गली, सोनमर्ग सहित लद्दाख के जोजिला दर्रे में भी बर्फबारी हुई। इसके बाद गुलमर्ग और सोनमर्ग के स्की रिसॉर्ट में पर्यटकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। बर्फबारी के कारण श्रीनगर और घाटी के अन्य हिस्सों में कोहरा छाया रहा जिससे सड़क और हवाई यातायात बाधित रहा। मौसम विभाग ने उत्तर और मध्य कश्मीर के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के साथ हल्की बर्फबारी का अनुमान जताया है।

## लापता हुई दो बहनों के शव घर से 500 मीटर दूर मिले,परिजन बोले- किसी ने जहर देकर मारा

**उदयपुर (पुकार)।** 11वीं में पढ़ने वाली चचेरी बहनों के शव घर से 500 मीटर दूर मिले। दोनों एक जैसी ड्रेस पहन कर घर से निकली थी। परिजनों का आरोप है कि उन्हें कोई 2 महीने से परेशान कर रहा था। परिजनों ने पुलिस से कॉल डिटेल निकाल कर आरोपियों को पकड़ने की मांग की। मामला उदयपुर के गोगुंदा इलाके का सोमवार सुबह 7 बजे का है। एएसआई नंदलाल ने बताया- प्राथमिक जांच और मौके की स्थिति से यह सामने आया है कि दोनों बहनों (16 और 17 साल) की मौत जहर खाने से हुई है। एक नाबालिग के पिता ने रिपोर्ट दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रिपोर्ट में बताया कि रविवार शाम 5 बजे दोनों चचेरी बहनें घर से खेत पर जाने के लिए निकली थी। इसके बाद देर रात तक घर नहीं आई तो ढूंढने निकले। सुबह 7 बजे घर से 500 मीटर दूर स्थित एक पहाड़ी के पास पहुंचे तो दोनों मृत पड़ी थी। घरवालों ने बताया कि पिछले 2 महीनों से दोनों ही परेशान थी। उनकी परेशानी चेहरे पर साफ नजर आती थी। कई बार पूछने का प्रयास भी किया था, लेकिन कुछ नहीं बताती थी। हमने जानकारी जुटाने की कोशिश की तो पता चला कोई शख्स उन्हें परेशान कर रहा है। परिजनों को शक है कि किसी ने उन्हें जहर देकर मार डाला है।

**एक जैसी ड्रेस पहन रखी थी :** लोगों के अनुसार, दोनों चचेरी बहनें स्कूल साथ आती-जाती थी। रविवार को जब घर से निकली तो दोनों ने एक जैसी ड्रेस पहन रखी थी।

## संजीव खन्ना बने देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। श्रीमती मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में शीर्ष अदालत के वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति खन्ना को 51वें मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलाई। वह 13 मई 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, शीर्ष अदालत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के अलावा मौजूदा और पूर्व न्यायाधीश, कई केंद्रीय मंत्री और अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ रविवार 10 नवंबर को शीर्ष अदालत के 50 वें मुख्य न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हो गए। न्यायमूर्ति खन्ना 2018 की 'चुनावी बॉन्ड योजना' को रद्द करने वाली पांच सदस्यीय पीठ में शामिल थे। न्यायमूर्ति खन्ना को 18 जनवरी 2019 को शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत किया गया था, तब वह दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। उन्हें 2005 में दिल्ली उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया और एक साल बाद उन्हें यहां स्थायी न्यायाधीश के तौर पर पदोन्नत किया गया था।

## इजरायल पर हिजबुल्लाह का बड़ा हमला, 165 से अधिक मिसाइलें दागी; आयरन डोम भी फेल

**बेरूत (एजेंसी)।** इजरायल इस वक्त हमास और हिजबुल्लाह आतंकियों के खिलाफ दो मोर्चों में सीधी लड़ाई लड़ रहा है। इस बीच सोमवार को लेबनान के आतंकियों ने इजरायल के उत्तरी शहरों पर 165 से अधिक मिसाइलें दागी। हमला इतना भीषण था कि इजरायल की वायु रक्षा प्रणाली शिन बेट और आयरन डोम भी कई मिसाइलों को रोकने में नाकाम रहे। हिजबुल्लाह ने हाइफा शहर में 90 से अधिक मिसाइलें दागी गई। वहीं, गैलिली में लगभग 50 रॉकेट दागे गए। आईडीएफ ने एक बयान में कहा है कि हमलों में एक बच्चे समेत कम से कम 7 लोग घायल हो गए हैं। हमले के बाद सड़क पर कई वाहनों में आग लग गई और रिहायशी इलाकों में कई इमारतें ध्वस्त हो गई। इस हमले का वीडियो भी सामने आया है।

टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह का इजरायली शहरों पर यह हमला ऐसे वक्त में आया है, जब इससे पहले इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने एक बयान में कहा कि लेबनान से साथ युद्धविराम की दिशा में कुछ प्रगति हुई है। उत्तरी शहर बिइना में रॉकेट हमले के बाद छर्रे लगने से 27 वर्षीय एक महिला मामूली रूप से घायल हो गई और 35 वर्षीय एक युवक और एक साल लड़की घायल हो गई।



इजरायल रक्षा बलों के अनुसार, हमले में गैलिली पर लगभग 50 रॉकेट दागे गए, जिनमें से कुछ को हवाई सुरक्षा द्वारा रोक दिया गया, जबकि कई रॉकेट कारमील क्षेत्र और निकटवर्ती कस्बों पर गिरे। वहीं, इजरायल के उत्तरी शहर हाइफा में 90 से अधिक मिसाइलें दागी गई। लेबनान से इजरायली शहरों पर कम से कम 165 मिसाइलें और ड्रोन से अटैक किया गया। मिसाइलें शहरों के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में भी गिरी। इससे शहरवासियों में हड़कंप मच गया। क्षेत्र में कई इमारतें ध्वस्त हो गई और वाहनों में आग लग गई।

इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ)ने कहा कि हिजबुल्लाह के रॉकेटों की बौछार को इजरायल की रक्षा प्रणाली 'आयरन डोम' द्वारा रोक दिया गया था, लेकिन कुछ रॉकेट हाइफा खाड़ी के आबादी वाले क्षेत्रों में भी गिरे।

### इराकी आतंकियों का इजरायल के तीन ठिकानों पर हमला

इस बीच इराकी सशस्त्र समूहों ने भी सोमवार को दक्षिणी और उत्तरी इज़रायल में उसके रणनीतिक लक्ष्यों पर तीन हमला करने का दावा किया है। इराक के इस्लामिक प्रतिरोध बलों ने सोशल नेटवर्क साइटों पर अपने पोस्ट में कहा कि इस्लामिक प्रतिरोध के लड़ाकों ने सोमवार को ड्रोन का उपयोग कर कब्जे वाले क्षेत्रों के दक्षिण में एक रणनीतिक लक्ष्य को निशाना बनाया। बयान के अनुसार, इसी तरह के दो और हमले इज़रायल के उत्तर में रणनीतिक लक्ष्य पर किए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### उदयसागर प्रीमियर लीग : करणी सेना ने यमराज इलेवन को हराकर ट्राफी पर किया कब्जा



**उदयपुर (पुकार)।** शहर के समीप ग्राम पंचायत बिछडी के उदयसागर पर युवाओं द्वारा आयोजित उदयसागर प्रीमियर लीग सीजन 2.0 के फाइनल मुकाबले में करणी सेना ने यमराज इलेवन को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। बिछडी के उपसरपंच लोकेश पालीवाल, सरपंच प्रतिनिधि धर्मचंद्र गमेती, पूर्व सरपंच कमल सिंह व मेघराज डांगी सहित अतिथियों ने विजेता टीम के कप्तान देवेन्द्र सिंह और उनकी पूरी टीम को ट्राफी प्रदान की। आयोजक टीम के सदस्य भगवान प्रजापत ने बताया कि टीएलसी ग्राउंड पर हुई एक दिवसीय प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने भाग लिया। इसमें फाइनल मुकाबला करणी सेना और यमराज इलेवन के बीच खेला गया। शाकिर खान ने बताया कि यमराज इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। निर्धारित सात ओवर में करणी सेना की टीम ने 71 रन बनाए, जिसमें पवन सैनी ने 33 रनों का योगदान दिया। दूसरी पानी में यमराज इलेवन की टीम निर्धारित सात ओवर में 57 रन ही बना सकी और करणी सेना ने 14 रनों से फाइनल मुकाबला जीत लिया। इस प्रतियोगिता में खेलने वाले सभी खिलाडी उदयसागर चौराहे से थे और सभी खिलाडियों का चयन आक्शन के आधार पर किया गया। फाइनल मुकाबले के बाद समापन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाडियों को पारितोषिक वितरण किया गया। इसके बाद विजेता टीम के कप्तान देवेन्द्र सिंह झाला के नेतृत्व में विजय जुलुस निकाला गया। टीएलसी ग्राउंड से उदयसागर चौराहा शिवमंदिर तक निकाले गए जुलुस में विजेता टीम के साथ अन्य टीमों के खिलाडी भी जमकर थिरके और खुशी का इजहार किया। इस मौके पर शम्भूसिंह झाला, दिलीप टांक, बाबूसिंह झाला, जगदीश टांक सहित कई वरिष्ठजन मौजूद थे।

### शिव शंकर गौशाला में योग साधकों का सम्मान



**उदयपुर (पुकार)।** शिव शंकर गौशाला में सुखाडिया योग केंद्र के मॉर्निंग युवा क्लब के योग साधकों का सम्मान किया गया ।मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि सुखाड़िया विश्वविद्यालय के योग केन्द्र में विगत 3 वर्षो से अधिक समय से निरंतर कर रहे ,योग साधकों का अभिनंदन डीवाईएसपी योगाचार्य रतन सिंह राजपुरोहित, अंतर्राष्ट्रीय योग प्रशिक्षक सुरेश पालीवाल, गौशाला सचिव शालिनी राजावत ने उपरणा ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह व गीता पुस्तिका भेंटकर किया । कार्यक्रम अध्यक्ष योग साधक भवरलाल चौधरी ने कहा कि इस योग केंद्र में अधिकांश योग साधक 60 से अधिक की आयु के होते हुए भी नियमत रूप से प्रतिदिन सुबह योग के द्वारा शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य प्राप्त कर परिवार और समाज की सेवा में सक्रिय रहते है। मुख्य अतिथि सुरेश पालीवाल ने कहा कि योग हमारे जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा बनना चाहिए ।जिससे शरीर स्वस्थ और परिपुष्ट हो, मन शांत और प्रसन्न रह सके। विशिष्ट अतिथि योगाचार्य रतन सिंह राजपुरोहित ने कहा सनातन धर्म की पहचान गौ माता के सानिध्य में यदि योग किया जाए तो उससे सकारात्मक ऊर्जा का स्तर और बढ़ जाता है । शिव शंकर गौशाला की सचिव शालिनी राजावत ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र शर्मा ने किया।

### बड़गांव में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में हुआ अन्नकूट



**उदयपुर (पुकार)।** शहर के समीपस्थ बड़गांव गांव में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में सोमवार को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी को 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। संध्याकाल में आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर गांव के वरिष्ठ नागरिक सहित युवा व बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय कूडो प्रतियोगिता में उदयपुर के विहर्ष को दो स्वर्ण



**उदयपुर (पुकार)।** कूडो इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं स्पोर्ट ऑर्थोरिटी ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित 16वीं राष्ट्रीय कूडो प्रतियोगिता में उदयपुर के विहर्ष ने लगातार दो स्वर्ण पदक प्राप्त कर गौरवान्ति किया है। सूरत में आयोजित इस प्रतिस्पर्द्धा में उदयपुर के विहर्ष शर्मा ने 21 किलो भार वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं अक्षयकुमार 16वीं इंटरनेशनल कुडो स्पर्धा में भी गोल्ड मैडल जीता। इस उपलब्धि के लिए विहर्ष के माता पिता हीना-विवेक दवे, प्रशिक्षक, परिवारजन एवं अन्य खेलप्रेमियों ने बधाई देते हुए विहर्ष के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### मनोज आंचलिया का नाम प्रिंस रिकॉर्ड बुक में दर्ज



**उदयपुर (पुकार)।** भारत की आजादी के इतिहास की अज्ञात घटनाओं तथ्यों और गुमनाम शहीदों की पराक्रम गाथा को 21000 फीट कपड़े पर लिखने वाले उदयपुर के मनोज आंचलिया का नाम प्रिंस रिकॉर्ड बुक में दर्ज हुआ जेम्स आफ मुंबई रिकॉर्ड बुक के संपादक यह सर्टिफिकेट जारी किया जिसे महाराणा प्रताप गौरव केंद्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने प्रदान किया। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी गौरीकांत जी भी उपस्थित थे।

### तनाव प्रबंधन प्रशिक्षण 14 को

**उदयपुर (पुकार)।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय, उदयपुर सेंटर की ओर से 14 नवम्बर को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक जिला परिषद सभागार में तनाव प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की राजस्थान सबजोन इंचार्ज उपस्थित रहकर माइन्ड मैनेजमेंट एण्ड स्ट्रेस फ्री मैनेजमेंट के संबंध में प्रशिक्षण देंगी। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए निर्देशित किया है।

# जल संवर्धन से समाज की समृद्धि ही सच्ची राष्ट्र सेवा : पद्मश्री महेश शर्मा



**उदयपुर (पुकार)।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के हिंदी विभाग और केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित 'जल संस्कृति और साहित्य' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन समारोह विश्वविद्यालय के बप्पा रावल सभागार में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के झाबुआ के गाँधी रूप में विख्यात पद्मश्री महेश शर्मा ने संबोधित करते हुए बताया कि वैश्विक जल एवं पर्यावरण संकट के निराकरण के लिए पारस्परिक सहयोग से धरती की सेवा के भाव को सिद्धांत और व्यवहार में लाना होगा। इन्होंने परमार्थ की शक्ति को स्वार्थ से बड़ी बताया। हलमा (पारस्परिक सहयोग) से जल संकट जैसी वैश्विक समस्या का वैयक्तिक समझ के आधार पर समाधान हो सकता है। अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि जन, जंगल, जानवर, जमीन आदि सभी का आधार जल है, उसका संवर्धन और संरक्षण की आज की वैश्विक आवश्यकता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध जल संरक्षक श्री लक्ष्मण सिंह लापोड़िया ने गाँवों पड़ रहे अकाल एवं जल संकट की समस्या बारे में स्वयं के अनुभूत अनुभवों को संगोष्ठी में बताते हुए जल संरक्षण की एक नवीन पद्धति चौका (बड़ी क्यारी) पद्धति को विस्तारपूर्वक समझाया और उसकी उपयोगिता को युगीन आवश्यकता बताया। जल संरक्षण केवल एक व्यक्ति का कार्य नहीं सम्पूर्ण समाज की जिम्मेदारी है। प्रकृति बहुत बड़ी पुस्तक है। हमें प्रकृति की सेवा करनी चाहिए जो हमें बचाती है। प्रकृति ही हमारी आर्थिक पूँजी है जिसके साहचर्य से हमारा अस्तित्व और विकास जुड़ा जुआ है। हमारी संस्कृति को जोड़ने का काम नदियों द्वारा किया गया। संगोष्ठी संयोजक डॉ. नवीन नंदवाना ने बताया कि सारस्वत अतिथि के रूप केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के निदेशक प्रो. सुनील कुलकर्णी ने साहित्य में निहित जल परंपरा और भारतीय जीवन दर्शन के अंतर्संबंधों पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जल हमारे जीवन को आकार देता तो विध्वंस भी करता है। साहित्य में जल की अवधारणा पर विचार रखते हुए जल की महत्ता को आत्मसात करने का आह्वान किया। साहित्य की कृति का परीक्षण कर प्रत्यक्ष जीवन में उसे क्रियान्वित करना है, यह संगोष्ठी इसके लिए उपयोगी सिद्ध होगा। साहित्य के माध्यम से कौशल प्रबंधन करते हुए जन समाज की समस्याओं का समाधान करना, आज के साहित्य का मुख्य उद्देश्य है। जल समस्या के समाधान के लिए सलाह नहीं, साथ की आवश्यकता है। यह संगोष्ठी साहित्यकारों और जल संरक्षकों का अनूठा संगम है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ख्यातनाम साहित्यकार डॉ. श्रीराम परिहार ने उद्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय साहित्य परंपरा का उद्भव जल के किनारे हुआ। विश्व की सभी सभ्यताओं का जन्म नदियों के किनारे हुआ है। हमने नदी को प्राणदायनी माँ माना है। शिल्प को कर्म से जोड़ने की परंपरा हमारे साहित्य का उद्देश्य है। सम्यक कृति अर्थात संस्कृति है, नदी को समझने से जीवन, रहस्य, धरती, दर्शन, शांति और भारतीयता को समझा जा सकता है। हमारी प्राचीन साहित्य परंपरा लोक अनुष्ठान में समाहित है, जिसे समझने की आवश्यकता है। पानी के वितरण व्यवस्था को सुधारने की आवश्यकता है। हिंदी के महान कवियों का जल की महत्ता पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभाव रहा, भारत का हरेक प्रांत आज नदियों के बहाव से परिपूर्ण है जो हमारी आर्थिक समृद्धि का परिचायक है ये विचार कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने प्रकट किए। साथ उन्होंने उड़िया लोक गीतों के माध्यम से जल के महत्त्व को समझाया। संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन एवं अतिथि स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ. नवीन नंदवाना ने किया।

कार्यक्रम में डॉ. नवीन नंदवाना एवं डॉ. वीरमाराम पटेल द्वारा संयुक्त संपादित पुस्तक 'लोक भक्ति परंपरा' का विमोचन अथितियों द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य डॉ. नीता त्रिवेदी ने किया एवं आभार हिंदी विभाग की सह आचार्य डॉ. नीतू परिहार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आशीष सिसोदिया, केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के सदस्यों सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रथम तकनीकी सत्र के दौरान वक्ता श्री चेतन औदीच्य ने हिंदी कविता में जल की परंपरा और जल के संरक्षण के बारे में अपनी कवितायेँ सुनाई। डॉ नीता त्रिवेदी ने समकालीन हिंदी कविताओं में जल की समस्याओं और संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। समापन समारोह के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. राजेश व्यास, विख्यात साहित्यकार एवं लोक कला मर्मज्ञ उपस्थित रहेंगे। सारस्वत अतिथि के रूप में प्रो. मदन सिंह राठौड़, अध्यक्ष मानविकी संकाय रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर हेमंत द्विवेदी द्वारा की जाएगी। समापन से पूर्व दो तकनीकी सत्रों में जल संरक्षण, चुनौतिया एवं समाधान विषयों पर संवाद होगा।

### निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा 12 को

**उदयपुर (पुकार)।** विधानसभा उपचुनाव-2024 के तहत 13 नवम्बर को प्रस्तावित मतदान की तैयारियों को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन 12 नवम्बर शाम 5 बजे वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक लेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद पोसवाल ने बताया कि बैठक में मतदान दलों की निर्बाध रवानगी, पुलिस, आबकारी व आयकर विभाग की ओर से की गई जब्ती की कार्रवाई, मतदान पूर्व 72 घंटे, 48 घंटे तथा 24 घंटे पूर्व की कार्ययोजना की पालना, मतदान दिवस की कार्ययोजना, मतदान प्रतिशत सूचना आदि बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को अपेक्षित सूचनाओं के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

#### मतदान कार्मिकों व सुरक्षाकर्मियों के निःशुल्क उपचार के निर्देश

**उदयपुर (पुकार)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त शासन सचिव ने एक आदेश जारी कर विधानसभा उपचुनाव के तहत नियुक्त सीएपीएफ एसएपी कार्मिकों को कैशलेस उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। संयुक्त शासन सचिव गौरव बजाड़ ने निदेशक राजमेस तथा प्राचार्य आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर को जारी निर्देश में कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार उपचुनाव के दौरान ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों तथा मतदान दलों को बीमार होने अथवा घायल होने की स्थिति में अविलम्ब अच्छे अस्पताल में निःशुल्क उपचार सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

उपराष्ट्रपति का प्रस्तावित कोटड़ा दौरा

# जनजाति गौरव महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक

### संभागीय आयुक्त ने दिए दिशा-निर्देश



**उदयपुर (पुकार)।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा एवं जिला प्रशासन तथा वनवासी कल्याण परिषद के संयोजन में 16 नवंबर को कोटड़ा में प्रस्तावित जनजाति गौरव महोत्सव कार्यक्रम में देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के लिए सोमवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय में संभागीय आयुक्त एवं टीएडी आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में संभागीय आयुक्त सुश्री केवलरमानी ने कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक सामान्य व्यवस्थाओं कारकेड, प्रोटोकॉल, वॉलंटियर्स आदि पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से अब तक की तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि प्रथम बार आयोजित हो रहे जनजाति गौरव महोत्सव को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम में नियोजित सभी अधिकारी-कर्मचारी सौंपी गई जिम्मेदारियों को आपसी समन्वय के साथ पूरा करें। उन्होंने उपराष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर कार्यक्रम में सभी व्यवस्था निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत समय पर सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त छोगाराम देवासी, एडीएम सिटी वार सिंह, अतिरिक्त आयुक्त टीएडी गीतेशश्री मालवीय, जिला परिषद सीईओ हेमेंद्र नागर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### माकपा ने भाकपा ( माले) उम्मीदार को दिया समर्थन

**उदयपुर (पुकार)।** सलूंबर विधानसभा उपचुनाव में वामपंथी दल भाकपा (माले) के अधिकृत उम्मीदार कामरेड शंकरलाल मीणा को मत व समर्थन देकर विजय बनाने की माकपा जिला सचिव राजेश सिंघवी ने अपील की है। सिंघवी ने कहा कि उदयपुर और आदिवासी क्षेत्र में आम जनता के मुद्दों पर वामपंथी दल मिलकर सांझा संघर्ष करते रहे है, ऐसे में माकपा जिला कमेटी उदयपुर सलूंबर विधानसभा उपचुनाव में भाकपा ( माले) के अधिकृत उम्मीदार कामरेड शंकरलाल मीणा को अपना समर्थन देती है।


### राजस्थानी जाजम ज्ञानगोठ

**उदयपुर (पुकार)।** साहित्यिक संस्कृति एवं वैचारिक संस्था युगधारा की राजस्थानी जाजम री ज्ञानगोठ का ऑनलाइन आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता युगधारा अध्यक्ष किरण बाला किरन ने की। मुख्य अतिथि श्री छत्र छाजेड़ फक्कड़ रहे तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमती शकुंतला सोनी रही। गोष्ठी की संयोजक युगधारा महासचिव डॉ सिम्मी सिंह थी। गोष्ठी का संचालन हेमलता दाधीच ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापित अशोक जैन मंथन ने किया। गोष्ठी में संजय गुप्ता देवेश, मयूरा मेहता, डॉ विजयलक्ष्मी नैनावती, डॉ शीतल श्रीमाली, लोकेश चंद्र चौबीसा, अशोक जैन मंथन, भवानी शंकर गौड़, डॉ राजकुमार राज, शकुंतला सोनी, घनश्याम सिंह कीनिया, हेमलता दाधीच, मधु मनमौजी, पुष्कर गुप्तेश्वर, छत्र छाजेड़ फक्कड़ ने अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत की।

# क्लाईमेट डिस्क्लोज़र फ्रेमवर्क के अनुरूप इण्डियन मेटल सेक्टर में क्लाईमेट एक्शन रिपोर्ट करने वाली हिन्दुस्तान ज़िंक पहली कंपनी

**उदयपुर (पुकार)।** भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड अपनी चैथी क्लाईमेट एक्शन रिर्पोट लॉन्च करने वाली देश में धातु और खनन क्षेत्र की पहली कंपनी बन गई है। इंटरनेशनल सस्टेनेबिलिटी स्टेण्डर्डस बोर्ड्स द्वारा जारी इंटरनेशनल फाइनेनशियल रिर्पोटिंग स्टेण्डर्डस एस 2 के लिये यह रिपोर्ट हिन्दुस्तान ज़िंक की जलवायु पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2023 के अनुसार विश्व की सबसे सस्टेनेबल कंपनी हिंदुस्तान जिंक 2050 तक या उससे पहले नेट जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने की दिशा में डीकार्बोनाइजेशन को आगे बढ़ाने के लिए अपनी जलवायु-लचीली रणनीतियों को विकसित करना जारी रखे हुए है।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की 2023 विश्व ऊर्जा आउटलुक रिपोर्ट के अनुरूप हिंदुस्तान जिंक की जलवायु कार्रवाई रिपोर्ट जलवायु से संबंधित प्रकटीकरण पर ध्यान केंद्रित करती है और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और कंपनी की शमन रणनीतियों के बारे में व्यापक और तुलनीय जानकारी प्रदान करती है। रिपोर्ट का उद्देश्य हितधारकों को जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में व्यवसाय से संबंधित अवसरों, जलवायु प्रबंधन रणनीतियों, प्रतिबद्धता और प्रदर्शन के बारे में सूचित करना है। यह आपूर्तिकर्ताओं और ग्राहकों दोनों सहित अपने संचालन और मूल्य श्रृंखला में जलवायु से संबंधित परिवर्ती और भौतिक जोखिमों को भी रेखांकित करता है।






जलवायु कार्रवाई रिपोर्ट के लॉन्च पर अपने विचार साझा करते हुए हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने कहा कि ÷हिंदुस्तान जिंक में, सस्टेनेबिलिटी हमारे अस्तित्व के मूल में है। हमारे बिजली उपयोग में रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ाने, बैटरी चलित वाहनों के संचालन, जल प्रबंधन सुनिश्चित करने जैसे प्रभावशाली परिवर्तन लाने के लिए हमारे ठोस कार्यों से हमारा स्वच्छ भविष्य की दिशा में प्रयास उत्पन्न होता है। इंटरनेशनल फाइनेनशियल रिर्पोटिंग स्टेण्डर्डस एस 2 सिफारिशों के अनुरूप हमारी नई जलवायु कार्रवाई रिपोर्ट, पारदर्शिता और स्थिरता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। नेट-जीरो जलवायु-हर परिस्थिति में सक्षम व्यवसाय बनाने की हमारी प्रतिबद्धता नवाचार और कार्बन डीकार्बोनाइजेशन को तेज करने के हमारे दृढ़ संकल्प के अनुरूप है, जिसका लक्ष्य 2050 या उससे पहले नेट जीरो हासिल करना है।

जलवायु कार्रवाई रिपोर्ट के लॉन्च पर अपने विचार साझा करते हुए हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने इंटरनेशनल फाइनेनशियल रिर्पोटिंग स्टेण्डर्डस एस 2 सिफारिशों के अनुरूप पहली जलवायु कार्रवाई रिपोर्ट लॉन्च पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, यह रिपोर्ट जलवायु कार्रवाई प्रयासों में हुई प्रगति को प्रदर्शित करती है। नेट जीरो जलवायु-सक्षम व्यवसाय बनाने का हमारा दृढ़ संकल्प हमारे आसपास के लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुसार है, इस प्रकार 2050 या उससे पहले नेट-जीरो हासिल करने के हमारे लक्ष्य को तेज करता है। यह हमारे लिए जरूरी है कि हमारा व्यावसायिक विकास एक बहुआयामी दृष्टिकोण पर निर्भर हो जो संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग, परिसंपत्तियों की उच्चतम दक्षता प्राप्त करने और कार्बन शमन की ओर केंद्रित ड्राइव पर आधारित हो।

हिंदुस्तान जिंक ने एश्योरेंस स्टैंडर्ड आईएसएई 3000 के अनुरूप, अपने जलवायु-संबंधी रिपोर्ट पर एक स्वतंत्र आश्वासन रिपोर्ट प्रदान करने के लिए एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त फर्म के साथ भागीदारी की है। यह कदम अपने हितधारकों के लिए पारदर्शी जलवायु कार्रवाई रिपोर्टिंग के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। रिपोर्ट में हिंदुस्तान जिंक के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने करने के अनुसार दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया है, जो मान्य विज्ञान आधारित लक्ष्य पहल एसबीटीआई लक्ष्यों के साथ संरेखित है। उत्सर्जन को कम करने के लिए, कंपनी रिन्यूएबल एनर्जी के उपयोग को बढ़ा रही है, परिचालन दक्षता को बढ़ा रही है और अपने संचालन में कम कार्बन ईंधन और बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों को तैनात कर रही है। हिंदुस्तान जिंक 2025 तक 1 मिलियन पौधे लगाने की प्रतिबद्धता के साथ बड़े पैमाने पर वनीकरण प्रयास कर रहा है, जिससे इसकी परिचालन इकाइयों में महत्वपूर्ण कार्बन सिंक बनेंगे।




### राजस्थानी भाषा के लिए आगे आया चळकोई फाउंडेशन, विद्यार्थियों को दिया अनुदान

**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थानी विभाग,मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर के राजस्थानी विषय में नियमित अधिस्नातक करने वाले विद्यार्थियों को चळकोई फाउंडेशन द्वारा स्कॉलरशिप वितरण समारोह का आयोजन हुआ। गौरतलब है कि चळकोई फाउंडेशन के संस्थापक और शिक्षाविद् पूरे राजस्थान के विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में राजस्थानी विषय से नियमित अधिस्नातक में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की शुल्क अपने फाउंडेशन से भरने की घोषणा की थी। इससे पूर्व महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में समारोहपूर्वक छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम हुआ था। यह स्कोलरशिप राजस्थानी भाषा और संस्कृति के संवर्धन हेतु शुरु की गयी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजवीर सिंह चलकोई ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्थानी इतिहास और संस्कृति के संरक्षण के लिए राजस्थानी भाषा की संवैधानिक मान्यता और राजकीय मान्यता अतिआवश्यक है । चलकोई ने राजस्थानी भाषा के लिए हर संभव आर्थिक व मानवीय मदद का आश्वासन दिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय अधिष्ठाता प्रोफेसर हेमंत द्विवेदी ने चळकोई फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की । विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर मदन सिंह राठौड़ व प्रोफेसर दिग्विजय भटनागर ने भी राजस्थानी भाषा के महत्व और उसकी प्रासंगिकता की बात करते हुए घर में मातृभाषा राजस्थानी अपनाने का आह्वान किया।आयोजन की मुख्य धुरी राजस्थानी विभाग के अध्यक्ष डॉ सुरेश साल्वी ने अतिथियों का सवागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में राजस्थानी विषय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को अनुदान के साथ सम्मान पत्र भेंट कर अभिनंदन किया गया । संचालन डा लोकेश राठौड ने किया। कार्यक्रम का प्रबंधन जगदीश गुर्जर ,रावल पंवार व उनकी टीम ने किया।


### श्री रानी सती दादी के दर्शन को उमड़ा जनसैलाब



**उदयपुर (पुकार)।** मण्डल संरक्षक शशिकांत खेतान ने बताया कि श्री रानी सती दादी भक्त मंडल उदयपुर द्वारा पहली बार श्री दादी जी का जन्म उत्सव और मंगल पाठ राजेंद्र नगर भवन में बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लाह से मनाया गया।मण्डल की वीणा अग्रवाल ने बताया कि मंगल पाठ और जन्मोत्सव को लेकर कई दिनों से चल रही तैयारियों को विराम दिया ओर दादी का भव्य दरबार सजाया गया। सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि दादी का विग्रह भीलवाड़ा से आया और दादी के फूलों का श्रृंगार दिल्ली से मंगाया गया। फूलों से दादी के विग्रह का श्रृंगार विनोद ओर कुशल के द्वारा किया गया। अंकिता ने बताया कि मंगल पाठ पुणे से पधारी हुई अर्पणा अग्रवाल द्वारा किया गया। नीतू गुप्ता ने बताया महिलाएं लाल साड़ी और चुंदड़ पहनकर दादी के मंगल पाठ में सम्मिलित हुई। बबिता खेतान ने बताया कि मंगल पाठ में दादी के हल्दी मेहंदी गजरा उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।बालमुकुंद पित्ती ने बताया कि विभिन्न प्रसंगों में बधाइयां ओर खिलोने बाटे गए।संतोष पित्ती ने बताया कि नारायणी ओर तनधन दास के विवाह पर सुहाग पोटली भी बाटी गई। कामिनी पित्ती ने बताया कि माता को भक्तों की ओर से 101 चुंदड़ चढ़ाई गई। मेहंदी रचनी बुलवाई चुनरी तारा री चढ़ गई थारो खूब करियो श्रृंगार.... जगदंबा थे तो आकर औडो रे थारा सेवक लाया तारा री चुनरी मनमोहक भजनों पर भक्तजनों ने थिरक थिरक कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। दादी मां को छप्पन भोग धराया गया, 251 पान का भोग भी लगाया गया। मंगल पाठ के पश्चात महाआरती 101 दीपक के द्वारा की गई, भक्तों ने भी अपने स्थान पर खड़े रहकर आरती की। ज्ञानेश्वर ने बताया कि मंगल पाठ पश्चात लगभग 800 भक्तो ने महाप्रसादी ग्रहण की। नारायणी का जन्मस्वरूप शुचि ने निभाया। बाल स्वरूप नायरा गोयल ने निभाया।विवाह का रूप सुषमा ओर विनय झुनझुनवाला ने निभाया। नलिनी, संजय सिंघल,शीतल अग्रवाल पवन, सुशीला, गौरव, मोहित सोनाली, सुनीता, राकेश, प्रीति आदि के सहयोग से कार्यक्रम को अपार सफलता मिली।

## बी प्लस

### ट्रैवल एवं लाइफ़स्टाइल ब्रांड स्विस मिलिट्री ने इनोवेटिव एसकेयूएस को बाज़ार में उतारा




**उदयपुर (पुकार)।** भारत में अपने प्रीमियम और इनोवेटिव प्रोडक्ट्स के लिए दुनिया भर में अपनी पहचान बनाने वाले मशहूर लाइफ़स्टाइल ब्रांड, स्विस मिलिट्री ने अहमदाबाद में अपनी मौजूदगी के दायरे को बढ़ाने के साथ-साथ ट्रैवल गियर कैटिगरी में नए एसकेयूएस के लॉन्च की घोषणा की है। कंपनी ने बेमिसाल खूबियों वाले ट्रैवल प्रोडक्ट्स की एक बड़ी रेंज को बाजार में उतारा है जो कई अलग-अलग रंगों में उपलब्ध हैं, जो उपयोगिता और किफायती मूल्य के मामले में एक नई मिसाल कायम करते हैं।

स्विस मिलिट्री ने लगातार विकसित हो रहे भारतीय बाजार को ध्यान में रखकर अपने नए ट्रैवल गियर प्रोडक्ट्स को पेश करने का फैसला लिया है। देश की बढ़ती क्रय शक्ति, सरकार की ओर से घरेलू विनिर्माण को सहारा देने के लिए शुरू की गई पहल और तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स क्षेत्र के कारण यहाँ विस्तार की संभावनाएँ साफ तौर पर दिखाई दे रही हैं। साल 2024 में भारतीय लगेज एवं बैग के बाजार का मूल्य 15.04 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, और अनुमान है कि 2024 से 2028 तक इसमें सालाना 5.21त्न की दर से बढ़ोतरी होगी। गौरतलब है कि, बाजार की कुल बिक्री में नॉन-लग्जरी प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 87त्न है। स्विस मिलिट्री ने सुनियोजित तरीके से विस्तार के लिए कदम उठाया है, जो भारतीय ग्राहकों की बढ़ती उम्मीदों के साथ-साथ प्रीमियम लगेज एवं ट्रैवल गियर की बढ़ती मांग के अनुरूप है।

इस मौके पर स्विस मिलिट्री के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुज साहनी ने कहा, स्विस मिलिट्री ने इनोवेशन और अपने विस्तार के सफ़र को बरकरार रखा है, और अब ट्रैवल गियर प्रोडक्ट की अपनी नई रेंज के लॉन्च की घोषणा करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। हम सबसे उम्दा और किफायती प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने के अपने वादे पर कायम रहते हुए अपने ग्राहकों की उम्मीद से बढ़कर प्रदर्शन करना चाहते हैं। यह नया कलेक्शन इस बात को दर्शाता है कि हम बेमिसाल गुणवत्ता वाले और उपयोगिता के मामले में सबसे उम्दा प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने के अपने इरादे पर अटल हैं, और हम इस बात का आश्वासन देते हैं कि आपकी हर यात्रा सुकून और स्टाइल के साथ पूरी हो।

### मणिपाल सिग्ना ने लॉन्च किया सर्व

**उदयपुर (पुकार)।** सबसे तेजी से बढ़ती स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों में से एक, मणिपाल सिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस ने अपनी नई स्वास्थ्य बीमा पेशकश, मणिपाल सिग्ना सर्व के लॉन्च की घोषणा की है। संपूर्ण स्वास्थ्य बीमा समाधान प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया, सर्व- जिसका अर्थ है सभी के लिए, व्यापक ग्राहक वर्गों के लिए किफ ायती और समावेशी स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करता है, जिसमें भारत की लापता मध्यम आबादी पर विशेष ध्यान दिया जाता है। मणिपाल सिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और सीईओ प्रसून सिकदर ने लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा - मणिपाल सिग्ना में, हमारी प्रतिबद्धता सिर्फ़ स्वास्थ्य बीमा की पेशकश करने से कहीं आगे जाती है - यह ऐसे समाधानों को नया रूप देने के बारे में है जो स्वास्थ्य सेवा की पहुँच और सामर्थ्य में महत्वपूर्ण अंतर को पाटते हैं, खासकर भारत के लापता मध्यम वर्ग के लिए।

## संक्षिप्त समाचार

### शाकद्वीपीय की पुस्तक का हुआ लोकार्पण



**उदयपुर (पुकार)।** वरिष्ठ साहित्यकार पं. पुरूषोत्तम शाकद्वीपीय 'प्रेमी' की पुस्तक 'नया सवेरा' का लोकार्पण अशोका पैलेस में राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति कर्नल एस.एस. सारंगदेवत के मुख्य आतिथ्य एवं धर्म नारायण जोशी, डॉ. देव कोठारी, डॉ. मंजु चतुर्वेदी, लफ्जों की महफिल के संस्थापक मुकेश माधवनी एवं युगधारा की अध्यक्ष किरण बाला 'किरण' के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम में शहर के साहित्यकार एवं कवि तथा कांकरोली नाथद्वारा के साहित्यकार सम्मिलित हुए।

### महाराणा महेंद्र सिंह को दी श्रद्धांजलि

**उदयपुर (पुकार)।** चित्तौड़गढ़ के पूर्व सांसद मेवाड़ राजघराने के पूर्व सदस्य श्री जी हजुर महाराणा महेंद्र सिंह मेवाड़ के निधन पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक प्रमोद सामर, शहर विधायक ताराचंद जैन, शहर जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली, देहात जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष भंवरसिंह पवार, गजपाल सिंह राठौड़ आदि ने उदयपुर स्थित उनके निवास पर पहुंच दिवंगत के अंतिम दर्शन किए तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

भाजयुमो के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप श्रीमाली ने बताया कि सोमवार को महाराणा के गोलोक गमन पर हरियाणा चुनाव प्रभारी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान डॉ सतीश पूनिया, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश भट्ट, राजस्थान महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अलका मूंदड़ा, भाजपा नैता प्रवीण खंडेलवाल, प्रदीप श्रीमाली, प्रकाश अग्रवाल, अशोक सिंघवी, विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष सुशील मूंदड़ा, सीमा खटीक, संतोष भटनागर द्वारा एकलिंग दीवाण श्रीजी हजूर महाराणा महेन्द्र सिंह मेवाड़ का गोलोक गमन होने पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। पुनिया ने कहा कि आपकी उदारता ओर सरल वयक्तित्व को मेवाड़ ओर राजस्थान की धरा सदैव याद रखेगी।

उदयपुर विधायक ताराचंद जैन, पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी, पूर्व उपमहापौर महेन्द्रसिंह शेखावत, पूर्व पार्षद विजय प्रकाश विप्लवी, श्रीमाली समाज मेवाड़ के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद दिग्विजय श्रीमाली व बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामकृपा शर्मा ने समोरबाग में महेन्द्रसिंह मेवाड़ को पुष्पांजलि अर्पित पर शोक व्यक्त किया

प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने मेवाड़ राजपरिवार के पूर्व सदस्य एवं पूर्व सांसद महेन्द्र सिंह मेवाड़ के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा किवे एक सहृदय, शालीन एवं समाज हित के चिंतक थे। वे प्राचीन और अर्वाचीन मूल्यों में सामंजस्य के साथ परिवर्तन के पक्षधर थे। उनका देहावसान न केवल मेवाड़ अपितु देश के लिए भी अपूरणीय क्षति है।

श्रीमेवाड़ सगसजी लोकसेवा संस्थान परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा समारोह में सकल राजपूत महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष कुंवर विजयसिंह कच्छवाहा मातृ कृपा सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष रामनाथ सिंह चौहान, फैडरेशन ऑफ एनजीओ के शूरवीर सिंह कच्छवाहा, मेवाड़ शक्ति कल्याण ट्रस्ट के बसंती वैष्णव आदि ने पूर्व सांसद एवं राजपरिवार सदस्य महेंद्र सिंह मेवाड़ को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी ने दो मिनिट मौन रख मेवाड़ को श्रद्धासुमन अर्पित किए। यह जानकारी संस्थान के अध्यक्ष कुंवर विजयसिंह कच्छवाहा ने दी।

राजस्थान जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति एवं बी एन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष ने बताया कि महाराणा प्रताप के वंशज एवं मेवाड़ के महाराणा, एकलिंग दीवान, हिंदुआ सूरज श्रीजी हुजूर महेंद्र सिंह जी मेवाड़ का आज देवलोकगमन संपूर्ण मेवाड़ ही नहीं वरुण संपूर्ण देश के लिए अत्यंत दुख का विषय है कि उनके सानिध्य, प्रेरणा और उनकी विचारधारा संपूर्ण देश को खलेगी। महेंद्र सिंह मेवाड़ जीवन में सदैव अपने असूलों ओर सिद्धांतों पर जीवन का निर्वहन करने वाले महाराणा प्रताप के वंशज एवं मेवाड़ के महाराणा, एकलिंग दीवान, हिंदुआ सूरज श्रीजी हुजूर महेंद्र सिंह जी मेवाड़ एक ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे जो भारतीय संस्कृति व संस्कारों की प्रतिमूर्ति के रूप में उन्होंने सदैव सांस्कृतिक आध्यात्मिक और राष्ट्रीय विचारधारा के साथ चहुमुखी विकास की ओर बल दिया।

### लखारा समाज के चारभुजानाथ मंदिर में हुआ अन्नकूट



**उदयपुर (पुकार)।** लखारा चौक स्थित लखारा समाज के चारभुजानाथ मंदिर में ठाकुरजी को छप्पन भोग अन्नकूट धराया गया। इस अवसर पर ठाकुरजी की विशेष श्रृंगार किया गया। लखारा समाज युवा मंडल के मनोज चौहान ने बताया कि इस अवसर पर दर्शन के लिये भक्तों का ताता लगा रहा। कार्यक्रम में डा, संदीप, धर्मेन्द्र, पुरुषोत्तम, कैलाश पहाडा, श्याम, कृष्ण कुमार, कैलाश पंवार, धर्मेन्द्र भाटी, सतीश चौहान आदि उपस्थित थे।

### टेकरी स्थित खाटू श्याम मंदिर में आज धूमधाम से मनाएंगे बाबा का जन्मोत्सव

**उदयपुर (पुकार)।** श्री खाटू श्याम बाबा का भव्य जन्मोत्सव मंगलवार को यहां टेकरी पुलिस लाइन स्थित राज राजेश्वर मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर विशाल भजन संध्या का आयोजन भी होगा।



मंदिर मंडल द्वारा विज्ञप्ति के अनुसार मंगलवार 12 नवंबर को खाटू श्याम का जन्मोत्सव भी है और उसी दिन एकादशी भी है। शहर में जन्मोत्सव के मौके पर टेकरी स्थित खाटू श्याम मंदिर में ही कीर्तन का आयोजन हो रहा है। यहां पर पाटोत्सव के बाद पहली बार बाबा का जन्मोत्सव आ रहा है इसलिए सभी कार्यकर्ता हर्षोल्लास के साथ इसकी तैयारी कर रहे हैं। इस मौके पर दिल्ली से विशेष फूल मंगवाए गए हैं जिनसे बाबा का दरबार झूले पर सजाया जाएगा। बाबा का 56 भोग भी धराया जाएगा। बाबा को भाव के भजनों से रिझाने के लिऐ मंदसौर से बाबा श्याम की लाडली बहन माया चौहान आ रही हैं जबकि स्थानीय कलाकार प्रतीक माहेश्वरी, भावना शर्मा, लता सोनी, पंकज भंडारी, सुभाष गर्ग व पुनीत भी धूमधाम से बाबा के भजन की हाजरी लगायेंगे। आयोजन में राकेश मूंदडा, दिनेश गुप्ता, मनीष गुप्ता, प्रतीक माहेश्वरी आदि तैयारियों में लगे हैं। उल्लेखनीय है कि टेकरी पुलिस लाइन चौराहे पर स्थित राज राजेश्वर महादेव मंदिर परिसर में खाटू श्याम बाबा का भव्य मंदिर बनाया गया है जहां रोजाना खाटू की भांति की पूजा अर्चना होती है और दोनो एकादशी पर भव्य कीर्तन भी होता है। यहां स्थानीय श्याम सखा मंडली द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

**खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव आज :** शिव दल की ओर से देवउठनी एकादशी के अवसर पर फतहसागर यूडीए मार्ग स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में मंगलवार को खाटू श्याम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। शिव दल प्रमुख मनीष मेहता ने बताया कि शाम चार बजे से मंदिर परिसर में स्थापित खाटू श्याम मन्दिर में छप्पन भोग धराए जाएंगे, वहीं शाम सात बजे से शब्दाभिषेक द्वारा भजन कीर्तन होंगे। रात्रि नौ बजे केक काटकर महाआरती की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर मन्दिर परिसर को सजाया जा रहा है, वहीं बाबा का विशेष फूलों से श्रृंगार किया जाएगा।

# चौथमल जी म. का 147 वां जन्म जयंती समारोह मनाया

**उदयपुर (पुकार)।** हिरण मगरी से 4 स्थित श्रमण संघीय जैन दिवाकरिय महासाध्वी डॉ श्री संयमलता जी म.सा., डॉ श्री अमितप्रज्ञाजी म.सा., डॉ श्री कमलप्रज्ञाजी म.सा., श्री सौरभप्रज्ञाजी म.सा. आदि ठाणा 4 के पावन सानिध्य में आयोजित जगत वल्लभ जैन दिवाकर पूज्य श्री चौथमल जी म. का 147 वां जन्म जयंती समारोह भारत के कोने कोने से पधारे गुरु भक्तों के मध्य भारी उमंग उत्साह के साथ सानंद संपन्न हुआ।



मंगलाचरण के पश्चात दिवाकर चालीसा का सामूहिक गान हुआ। अपने प्रभावशाली उद्बोधन में महासाध्वी डॉ संयमलताजी ने कहा जब तक सूरज चांद रहेगा जैन दिवाकर का नाम रहेगा।जैन दिवाकर संयम और त्याग की प्रतिमूर्ति थे। जैन दिवाकर शक्ति के पुंज थे। अहिंसा, जीव दया, शाकाहार, सदाचार, व्यसनमुक्ति और एकता के क्षेत्र में जैन दिवाकर श्री चौथमलजी म.का नाम अमर रहेगा। जैन दिवाकर जी जहां जाते थे वहां मेला लग जाता था। आपके जीवन का अद्भुत संयोग रहा जन्म, दीक्षा,अंतिम प्रवचन, देवलोक गमन सभी शुक्ल पक्षीय रविवार को हुए। श्रमण संघ की एकता हेतु आचार्य पद को त्याग दिया। साध्वी संयमलता ने अपने प्रवचन के मध्य कहीं ऐसे चमत्कारिक प्रसंग सुनाए जिन्हें सुनकर जनता चकित रह गई। साध्वी अमितप्रज्ञा ने कहा जैन दिवाकर जी वक्ता के साथ तेजस्वी कवि भी थे। वाणी में अद्भुत माधुर्य और आकर्षण था। 32 आगमों के सारांश के रूप में आप श्री ने निग्रंथ प्रवचन ग्रंथ की रचना की। आप का सृजन नितांत मौलिक था। साध्वी कमलप्रज्ञा ने सुन्दर गीतिका के माध्यम से कहां की जैन दिवाकर जी ने सेवाभाव से सभी को अपना बनाया। कई अजैनों को भी जैन बनाया। जैन दिवाकरजी के पास राजा और रंक भी जाते थे। साध्वी सौरभप्रज्ञा ने जग घूमिया गुरु जैसा ना कोई गीतिका से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

चत्तरलाल लोढ़ा, रमेश पुनमिया, पंकज रांका,महेंद्र बोथरा, सुभाष ललवाणी, राकेश छुवान, प्रमोद सुराणा,सुरेश जैन ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने चौथमलजी म.सा. के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा वे ऐसे सूर्य है, जिनका प्रकाश सभी को मिलता है। इसी कड़ी में सुविधि महिला मंडल, नवकार बहु मण्डल, श्रमण संघ महिला मण्डल ने स्वागत गीत, शशि भंडारी ने गीतिका से सभा को खुशनुमा बना दिया।

निर्मला कर्णावट, आशा बाबेल ने जन्म जयंती के उपलक्ष में 8 उपवास की भेंट अर्पण की। चातुर्मास व्यवस्था समिति द्वारा अभिनन्दन किया गया।

उदयपुर सेक्टर 4 के ऐतिहासिक वर्षावास की वीडियो क्लिप द्वारा सुंदर झलकियां ने दर्शकों का मन मोह लिया। दिवाकर जयंती के संपूर्ण समारोह में जैन दिवाकर जी की प्राचीन चित्रकला प्रदर्शनी आकर्षण का विषय बनी रही।

रतलाम श्री संघ ने महासाध्वी डॉ श्री संयमलताजी म.सा. के चरणो में आगामी वर्ष 2025 के वर्षावास हेतु भाव भरी विनंती रखी। समस्त गुरु भगवंतो की आज्ञा से, समस्त आगारो सहित महासाध्वी जी ने सहर्ष आज्ञा प्रदान की।

जैन विश्व भारती इंस्टिट्यूट, लाडनूँ द्वारा साध्वी कमलप्रज्ञा को चार मूल आगम ग्रंथो में प्रतिपादित जीवन विज्ञान : एक दृष्टि विषय पर उनको पीएच.डी. उपाधि से अलंकृत किया गया।

# खटीक समाज ने महिलाओं को दी जिम्मेदारी

**खटीक समाज की महिला कार्यकारिणी का विस्तार किया**

**बसंत पंचमी पर होने वाले सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों में जूटे कार्यकर्ता**



**उदयपुर (पुकार)।** श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को प्रतापनगर स्थित निजी होटल में राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी एवं जय निमावत ने श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर शहरी क्षेत्र की महिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें प्रताप नगर परिक्षेत्र की गंगा देवी, कोमल खटीक व माया खटीक, मल्लातलाई क्षेत्र में कमला नीमावत व सोना देवी खटीक, अम्बामाता क्षेत्र में लक्ष्मी देवी खटीक, बेदला क्षेत्र में सीता देवी खटीक को क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। ये सभी महिलाएं अपने-अपने क्षेत्र में खटीक समाज के समाजजनों को सामूहिक विवाह में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए आव्हान करेंगी। बागड़ी ने कहां कि खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन को विश्वास है कि इन सभी महिलाओं के नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा और सामाजिक कुरुतियों को समाप्त करने में अहम भुमिका रहेगी।

राष्ट्रीय महामंत्री पूरण चौहान, प्रदेश महासचिव पीसी चावला, देहात जिलाध्यक्ष केसुलाल डिडवानिया ने बताया कि खटीक समाज का निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह को लेकर श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन की ओर से शहर में चहुओर होर्डिंग व बेनर लगाकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। आगामी 2 फरवरी 2025 बसंत पंचमी को सामूहिक विवाह की तैयारियों को लेकर संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य उदयपुर शहर सहित आस-पास के गांवों में खटीक समाज के घर-घर जाकर सामूहिक विवाह के पत्रक बांट रहे है। साथ ही शहर में टेम्पों पर माईक लगाकर लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी, संस्थापक जय निमावत, राष्ट्रीय महामंत्री पूरण चौहान, देहात जिलाध्यक्ष केसुलाल डिडवानिया, प्रदेश महासचिव पीसी चावला, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल सामरिया, महिला मण्डल की राष्ट्रीय महामंत्री पम्मी पहाडि़या, प्रदेशाध्यक्षा खुशी चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम चौहान, देहता जिला उपाध्यक्ष राहुल बागड़ी, उपाध्यक्ष दिनेश चावला, विजय निमावत, दिनेश खटीक, लालचंद खटीक, करण खटीक, भेरूलाल चंदेल, महेन्द्र निमावत, विजय कुमार बागड़ी, माया खटीक, भेरूलाल बागड़ी, भावेश खटीक, राजेश खटीक, राजू चौहान, तनु सोलंकी, मयंक खटीक, प्रवीण खटीक, रोनक खटीक, राहुल चौहान सहित संगठन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष की नियुक्ति में प्रजापत समाज के साथ हुए सौतेले व्यहवार से कराया अवगत



**उदयपुर (पुकार)।** श्री यादें प्रजापत उत्थान संयुक्त मोर्चा राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु प्रजापत ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ को ज्ञापन देकर बताया कि श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष पद पर प्रहलाद राय टॉक कुमावत को नियुक्त करने पर कुम्हार, प्रजापत समाज में गहरी नाराजगी व्याप्त है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम से एक महीने तक लगातार संपूर्ण राजस्थान में ज्ञापन प्रदर्शन पोस्टकार्ड लिखने का अभियान किया गया। लेकिन अभी तक प्रहलाद राय टॉक कुमावत को हटाया नहीं गया है प्रहलाद राय टॉक कुमावत अपने आप को देश वाली कुम्हार कुमावत समाज के गरबा पंथी भाटी राजपूत गुरु वंश से क्षत्रिय कुमावत मानते हैं इनका मिट्टी का कार्य करने मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार प्रजापत समाज से कोई संबंध नहीं है। यह प्रजापत कुम्हार समाज की कुलदेवी श्रीयादे माताजी को नहीं मानते हैं। प्रहलाद राय टॉक 21 मई 2023 को विद्याधर नगर स्टेडियम में क्षत्रिय कुमावत समाज के महासम्मेलन के कोर कमेटी सदस्य होते हुए मंच पर प्रमुख सदस्य के रूप में उपस्थित होकर मंच से क्षत्रिय कुमावत समाज को संबोधित किया था ऐसे कुमावत समाज के व्यक्ति को प्रजापत कुम्हार समाज मिट्टी के बर्तन बनाने वालों के कल्याण के लिए बने श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष पद पर नियुक्त करने पर संपूर्ण समाज में गहरी नाराजगी दुख पीड़ा है तथा प्रहलाद राय टांक कुमावत को तुरंत प्रभाव से श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष पद से हटाया जावे एवं प्रजापत कुम्हार समाज के बंधु को नियुक्त किया जाए।

## थर्ड स्पेस में चल रहे आर्टमोस्फेयर का रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ समापन

**उदयपुर (पुकार)।** लेकसिटी के थर्ड स्पेस में पिछले 3 दिनों से चल रहे आर्टमोस्फेयर का समापन रविवार को रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुआ। स्टार प्लस के डांस प्लस शो में रनरअप रहे धनंजय जोशी और प्रणव जोशी की धमाकेदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने को मजबूर कर दिया।




इससे पहले दिन भर हुई विभिन्न कार्यशालाओं में लोगों ने खासे उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस फेस्टिवल में देशभर से आए एक दर्जन ये ज्यादा विषय विशेषज्ञों ने रोचक तरीकों से प्रतिभागियों को बारीकियां सिखाई।

कम्यूनिकेशन हेड अवनींद्र दूगड ने बताया कि उदयपुर में पहली बार इस तरह के फेस्टिवल के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को मनोरंजन के साथ ही रोचक तरीकों से कौशल बढ़ाना था। प्रति वर्ष इसी तरह फेस्टिवल होगा। रविवार को वॉल क्लाइम्बिंग, कुकिंग विथ मिलैट्स, स्केटबोर्डिंग, वर्ली आर्ट, परफ्यूम मेकिंग, क्रिएटिव कॉमेडी, वाटर कलर पेंटिंग, कथक और भरतनाट्यम पर कार्यशालाएं हुई।



फाउंडेशन हेड कुलदीप उपाध्याय ने बताया कि फेस्टिवल के अंतिम दिन किरण पानेरी ने कथक, मनीषा नेगी ने भरतनाट्यम और कृष्णेन्दु ने ओडिसी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। साथ ही दिल्ली से आए डीजे तालसूत्र ने अपनी कला से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसके अलावा लोगों ने ह्यूमन साइज सांप सीढ़ी और अन्य बोर्ड गेम, लाइव स्केचिंग, एआर आधारित ट्रेजर हन्ट में भी भरपूर लुफ्त उठाया। इस फेस्टिवल में स्टोरी टेलिंग, मंकी माइंड, चॉकलेट और इत्र बनाने जैसी भी कई अनूठी कार्यशालाएं हुई।

## अंगदान की महत्ता व जागरुकता के लिए फतहसागर पाल पर वॉक का आयोजन

**नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइज़ेशन द्वारा कार्यक्रम**

**उदयपुर (पुकार)।** नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइज़ेशन द्वारा रविवार को फतहसागर की पाल पर अंगदान की महत्वता एवं आमजन को जागरूक करने बाबत वाक एवं दौड़ का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर अतिथि डॉ. कर्नल यादवेंद्र सिंह यादव व डॉ देवेंद्र जीबीएच ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल की चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.कीर्ति जैन और डीआईजी राजेन्द्र प्रसाद गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एन एम ओ के उदयपुर अध्यक्ष डॉ राहुल जैन ने बताया कि इस अवसर पर जिला जज बी एस पंड्या, पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. एम एम मंगल, डॉ कर्नल यादवेंद्र सिंह यादव, इनकम टैक्स विभाग के उपनिदेशक अक्षय काबरा, कमल खत्री चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी मनीष खत्री आदि की भागीदारी रही। मुख्य अतिथि डॉ. कीर्ति जैन ने अंगदान की महत्वता के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि मृतक अंगदान के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के अलावा अंग दान के कानूनी और नैतिक पहलुओं पर निरंतर संवाद की आवश्यकता है। पेसेफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ एमएम मंगल ने कहा कि भारत में 'ब्रेन डेड' या 'मानसिक मृत' हो चुके लोगों के परिवारजन भी अंगदान करने से बचते हैं जबकि यह निश्चित हो जाता है कि ऐसे लोगों का जीवनकाल बढ़ाना अब संभव नहीं है। यही कारण है कि इस मामले में भी अंगदान बहुत कम हो रहा है। आरएनटी मेडिकल कॉलेज के यूरोलॉजी विभाग के आचार्य डॉ. सुनील गोखरू ने अंगदान कि वर्तमान स्थिति के बारे में अवगत कराया ।

नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन के आगामी अधिवेशन संगठन का परिचय एवं आगामी कार्यक्रमों के बारे में संरक्षक डॉ.देवेंद्र सरीन ने जानकारी दी। सचिव डॉ कुंवर आकाश ने बताया कि इसमें महिलाओं में प्रथम डॉ मीनाक्षी, अनुराधा टांक, सिद्धा जैन तथा पुरुषों में शैलेन्द्र, गोविंद और महेश चंद्र अव्वल रहे। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. तरुण व्यास, डॉ.अशोक आदित्य एवं डॉ. नरेंद्र देवल रहे।

### मारपीट का मामला दर्ज

**उदयपुर (पुकार)।** सविना थाना क्षेत्र में उधार दिए पैसे वापस मांगने पर कुछ युवकों ने एक युवक व उसके साथी के साथ मारपीट की। पुलिस के अनुसार आनंद नगर निवासी दक्षेश कच्छवाहा ने मामला दर्ज करवाया कि वह 9 नवम्बर को यश जोशी से मिला। वह उससे पैसे मांग रहा था, इसलिए उसने आम्रपाली होटल बुलाया। वह वहां पर गया तो उसके दोस्त युवराज चुंडावत, नमन, प्रतीक सिंह राठौड़, अनुज वर्मा ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके दाहिने पैर पर चोटें आई व पांव फ्रेक्चर हो गया। बीच बचाव करने आए चिन्मय को भी मारा।

## उपभोक्ता के हितों की सुरक्षा सर्वोपरि : न्यायमूर्ति कछावा

**उदयपुर (पुकार)।** राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति देवेन्द्र कछावा ने कहा कि उपभोक्ता हितों की सुरक्षा बेहद जरूरी है और इसी के तहत स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन मारुति सेवा समिति उदयपुर द्वारा गत 35 वर्षों से किया जा रहा कार्य प्रशंसनीय है। संस्था द्वारा प्रदान की जा रही निशुल्क सेवाओं से अनेक उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जो समर्थ हे उनसे न्यूनतम शुल्क अवश्य लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता आयोगों में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी हैं एवं शीघ्र सभी पद भर दिए जाएंगे। न्यायमूर्ति कछावा राज्य उपभोक्ता आयोग की उदयपुर सर्किट बैंच की सुनवाई के लिए यहां आए थे। मारुति सेवा समिति के अध्यक्ष प्रमोद झंवर ने बताया कि कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों द्वारा न्यायमूर्ति कच्छावा का पगड़ी एवं उपरणा पहनाकर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर दिलीप चोरड़िया, डॉ संपत जैन, सुभाष चस्ता, उदय जैन आदि मौजूद रहे।

### बाइक फिलसने से किशोर की मौत

**उदयपुर (पुकार)।** जिले के फलासिया थाना क्षेत्र में मौसा के साथ जा रहे किशोर की बाइक स्लीप होने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार शालू पुत्र ठाकुर अमलियार निवासी जगन्नाथपुरा मध्यप्रदेश हाल समीजा ने रिपोर्ट दी कि 8 नवम्बर को रात करीब नौ बजे साढू मंगल पुत्र राजू व उसका पुत्र अजय ठाकुर (15) नई बाइक से समीजा से विजयनगर जा रहे थे। गरणवास से आगे बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे अजय ठाकुर की मौत हो गई।

## घर से करीब आधा किलोमीटर दूर बीड़े में मिले लापता चचेरी बहनों के शव

**उदयपुर (पुकार)।** जिले के गोगुंदा थाना क्षेत्र में रविवार शाम से लापता दो चचेरी बहनों के शव उनके घर से करीब आधा किलोमीटर दूर बीड़े में मिले। फिलहाल मौत का कारण सामने नहीं आया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों बहनें जसवंतगढ़ स्कूल में 11वीं कक्षा की छात्राएं थी। शवों को पशु चरा रहे ग्रामीणों ने देखा था। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों रविवार शाम 4 बजे से घर से लापता थी।

प्रारंभिक जांच में यह मामला विषाक्त पदार्थ के सेवन से मौत का प्रतीत हो रहा है। दोनों लड़कियां एक जैसे कपड़े पहने हुए थीं जिससे घटना के पीछे कोई विशेष कारण होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि असल कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही चलेगा।

## शिक्षामंदिरों को राजनीतिक दल विशेष के रंग में ढालने पर रोष

**बांसवाड़ा (पुकार)।** अखिल राजस्थान भेजकर राज्य सरकार द्वारा महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर भगवा रंग कर शिक्षा के स्थानों को राजनीतिक पक्ष विशेष के रंग में ढालने का प्रयास करने पर इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए रोष जताया। ज्ञापन बताया गया कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों के मुख्य द्वारों और गैलरी को भगवा रंग में रंगने का आदेश शिक्षा के पवित्र स्थान को एक विशेष विचारधारा में ढालने एवं शिक्षा का राजनीतिकरण करने का प्रयास है। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि शिक्षा को ऐसी निम्न स्तर की राजनीति से दूर रखना चाहिए ताकि छात्रों का ध्यान उनकी पढ़ाई और चरित्र निर्माण पर केंद्रित रह सके।

इन लोगों ने बताया कि हमारा उद्देश्य किसी विशेष रंग के प्रति विरोध जताना नहीं है बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि इस प्रकार के निर्णयों से छात्रों के बीच धार्मिक, जातीय, और सांस्कृतिक विभाजन न हो। विश्वविद्यालय एक ऐसा स्थान होना चाहिए, जहां सभी छात्रचाहे वे किसी भी धर्म, जाति या क्षेत्र से हो समानता और सौहार्द्र के वातावरण में शिक्षा प्राप्त कर सके। सरकारी शिक्षण संस्थान आम नागरिकों, किसान, मजदूर, मध्यर्म वर्ग के टैक्स से चलते हैं। ये किसी एक पार्टी या विचारधारा के लोगों की संपत्ति नहीं है। इन लोगों ने कहा कि इस तरह के फरमान जारी करने के बजाय शिक्षा की गुणवत्ता और स्तर में सुधार पर ध्यान केंद्रित करे। यदि इस एकपक्षीय फैसले को सरकार वापस नहीं लेती है तो राजस्थान के सभी राष्ट्रवादी छात्र इस फैसले का विरोध करने पर विवश होंगे। अतः यदि द्वारों का रंग परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है तो इसके लिए तिरंगे के रंगों का उपयोग किया जाए। तिरंगा न केवल राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है बल्कि यह संवैधानिक मूल्यों और सांस्कृतिक विविधता का सम्मान भी करता है इसके रंग छात्रों में समानता, राष्ट्रीय गर्व, और सामूहिकता की भावना को प्रबल करेंगे जो देश की अखंडता को मजबूत बनाएगा वहीं विश्वविद्यालयों को ऐसा स्वरूप देंगे जो देश की बहुलतावादी परंपराओं और संवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ करेगा। प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र डोडियार, जिला उपाध्यक्ष विशाल मईड़ा, जिला संगठन मंत्री बादल बामनिया, जिला प्रवक्ता अर्जुन मईड़ा, महाविद्यालय इकाई महासचिव हितेश बामनिया, संजय चरपोटा, प्रभु लाल दामा आदि शामिल रहे।

### विश्वविद्यालयों के मुख्य द्वारों को नहीं रंगा जाए भगवा रंगों में

**उदयपुर।** विज्ञान महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष चिराग चौधरी के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों के मुख्य द्वारों और गैलरी को भगवा रंग में रंगने का आदेश पर विरोध जताया। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष चौधरी सहित विद्यार्थियों ने सरकार से मांग की गई कि शिक्षा के पवित्र स्थान को एक विशेष विचारधारा में ढालने एवं शिक्षा का राजनीतिकरण करने का प्रयास गलत है। राजस्थान सरकार द्वारा शिक्षा के स्थानों को राजनीतिक पक्ष विशेष के रंग में ढालने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि छात्रों के बीच धार्मिक, जातीय और सांस्कृतिक विभाजन न हो। विश्वविद्यालय एक ऐसा स्थान होना चाहिए, जहां सभी छात्र चाहे वे किसी भी धर्म, जाति या क्षेत्र से हों, समानता और सौहार्द्र के वातावरण में शिक्षा प्राप्त कर सकें। ज्ञापन में कहा कि सरकारी शिक्षण संस्थान आम नागरिकों- किसान, मजदूर, मध्यर्म वर्ग के टैक्स से चलते हैं। ये किसी एक पार्टी या विचारधारा के लोगों की संपत्ति नहीं हैं। इसलिए सरकारी टैक्स से चलने वाले संस्थानों पर केवल राष्ट्र के सरकारी प्रतीक जैसे तिरंगों का ही प्रयोग उचित है।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का मामला दर्ज

**उदयपुर (पुकार)।** सुखेर थाने में एक युवती ने युवक के खिलाफ दोस्ती कर लाखों की ठगी एवं शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का मामला दर्ज करवाया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार युवती ने रिपोर्ट दी कि 25 मई 2016 को एसबीआई सेल्स एक्जीक्यूटिव पद के साक्षात्कार के दौरान वह प्रभुसिंह पुत्र भेरूसिंह कितावत निवासी मनवाखेड़ा से मिली। इसके बाद दोनों की नौकरी एसबीआई उदयपुर में लग गई और उससे दोस्ती हुई। प्रभुसिंह ने उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा और खुद का कोई व्यवसाय शुरू करने का आश्वासन दिया।

प्रभुसिंह ने उसके परिजनों से भी अच्छी पहचान बना ली। प्रभुसिंह ने माता-पिता दोनों के खातों से भी छेड़छाड़ कर उसमें अपना नम्बर एड कर दिया और समस्त पैसों की जानकारी लेकर उन्हें खुर्द बुर्द करता था। प्रभुसिंह ने मुम्बई का फ्लैट 50 लाख रुपए में बिकवा दिया, जिसमें से 20 लाख रुपए प्रभु ने ले लिए और शेष राशि पिता के खाते में रखी। उसी दौरान प्रभुसिंह ने पिता के बैंक की 10 लाख रुपए की एफडी पर एक लोन लिया। साथ ही उसने शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया। विरोध करने पर प्रभुसिंह ने उसकी मांग में सिंदूर भर दिया। इसके बाद वह उससे आए दिन दुष्कर्म करता और गाड़ी की मांग करने लगा। साथ ही कहा कि गाड़ी नहीं दिलवाई तो तुझे बदनाम कर दूंगा। माता-पिता को धमकी दी कि अगर 10 लाख रुपए नहीं दोगे तो वह बदनाम कर देगा।

कुछ दिनों के बाद प्रभुसिंह ने एक कार खरीद ली। प्रभुसिंह उसके घर पर 6 जून 2022 को किसी शैलेष व तिलक मोगरा को लेकर आया जिन्होंने माता के घर के कागजात मांगते हुए कहा कि इस घर की एवज में 10 लाख रुपए दे रहे हैं। इसके बाद प्रभुसिंह ने 20 लाख रुपयों की मांग करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने एसपी के समक्ष परिवाद पेश किया। एसपी के आदेश पर सुखेर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सम्पादकीय

## प्रदूषकों को दंड

ऐसे वक्त में जब केंद्र सरकार जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने तथा स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन देने के लिये प्रतिबद्ध है, तो देश के विभिन्न संस्थानों व विभागों को भी पहल करनी चाहिए। सरकार के प्रयासों के बीच राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण यानी एनजीटी द्वारा वायु व मिट्टी प्रदूषण फैलाने के लिये पानीपत थर्मल पावर स्टेशन पर 6.93 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाना, तमाम प्रदूषक उद्योगों के लिये सबक है। ट्रिब्यूनल की कार्रवाई कानूनों का उल्लंघन करके पर्यावरण व जन-स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वालों के लिये संदेश है कि लक्ष्मण रेखा पार की तो बख्शे नहीं जाएंगे। पर्यावरण को क्षति पहुंचाने पर भारी मुआवजा देना होगा। दरअसल, इस थर्मल प्लांट से निकलने वाली राख आस-पास के ग्रामीणों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रही है। जिससे श्वसन समेत कई तरह के रोग बढ़ रहे हैं। इतना ही नहीं सड़कों पर प्रदूषण के चलते दृश्यता कम होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। वहीं दूसरी ओर एनजीटी ने थर्मल प्लांट के प्रबंधकों द्वारा पर्यावरण की क्षतिपूर्ति के लिये पेड़ों को लगाने में की गई खानापूर्ति को आड़े हाथ लिया। ट्रिब्यूनल ने कहा कि आप ने पौधे लगाने का दावा तो किया है लेकिन क्या सुनिश्चित किया है कि उन पौधों में से कितने पेड़ बन पाए। हरित न्यायाधिकरण का कहना था कि पौधरोपण से ज्यादा महत्वपूर्ण पेड़ों की उत्तरजीविता सुनिश्चित करना है। यह उपाय पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले प्रदूषकों के निवारण के आधे-अधूरे प्रयासों को ही उजागर करता है।

निश्चित रूप से एनजीटी की जुर्माना लगाने की यह कार्रवाई प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों को अपने तौर-तरीके बदलने को बाध्य करेगी। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने पिछले एक दशक में तेल व गैस क्षेत्र में राजकोषीय सब्सिडी कम करने की दिशा में सार्थक पहल की है। लेकिन अभी भी स्वच्छ ऊर्जा से बिजली क्षमता का आधा हासिल करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य प्राप्त करने हेतु बड़े प्रयासों की जरूरत है। तभी भारत वर्ष 2030 तक गैर जीवाश्म ईंधन स्रोतों से ऊर्जा हासिल करने के लक्ष्य को हासिल कर पाएगा। जलवायु परिवर्तन सम्मेलन तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन लगातार जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता व सब्सिडी कम करने पर बल देते रहे हैं। निस्संदेह, स्वच्छ ऊर्जा के स्थायी विकल्पों में निवेश करने से प्रदूषण से पैदा होने वाली बीमारियों पर अंकुश लग सकेगा। इसके साथ ही हम लक्षित कार्बन उत्सर्जन में भी कटौती कर सकते हैं। जलवायु परिवर्तन का दंश झेल रही दुनिया में जन स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिये जरूरी है कि प्रदूषण के कारकों की नियमित निगरानी हो व कानून के क्रियान्वयन में सख्ती से उद्योगों की जवाबदेही तय की जा सकेगी। जिससे हम प्रकृति के अनमोल संसाधनों हवा, पानी और मिट्टी को जहरीला बनने से रोक पाएंगे। इसमें दो राय नहीं कि पर्यावरण तथा स्वास्थ्य के आपातकाल से बचने के लिये शून्य सहिष्णुता का दृष्टिकोण नितांत जरूरी है। हाल में पराली जलाने पर जुर्माना दुगना करने की नीति को इसी आलोक में देखना चाहिए। लेकिन साथ ही किसानों को पर्याप्त विकल्प भी उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें...

### इनरव्हील क्लब ऑफ चित्तौड़गढ़ ने परियोजना के तहत लगाये 150 पौधे




**चित्तौड़गढ़।** इनरव्हील क्लब ऑफ चित्तौड़गढ़ ने रितु भोजवानी की अध्यक्षता में पारस ग्रीन फार्म हाउस में एक पौधरोपण परियोजना आयोजित की जिसमें 150 पौधे लगाए गए। इस संपूर्ण पहल को क्लब की कोषाध्यक्ष आशा जैन द्वारा प्रायोजित किया गया। पौधरोपण में ताइवान पपीता, शहतूत, एवोकाडो, सीताफल, नींबू, जामुन, चीकू, ड्रैगन फ्रूट, नारियल के पौधे सम्मिलित थे। वीना खमेसरा परियोजना में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थितर रहीं सचिव रितु पोखरना ने बताया कि इनरव्हील क्लब ऑफ चित्तौड़गढ़ ने एक छात्रा आयुषी वैष्णव की आरएससीआईटी कोर्स की फीस जमा करवाई, जिससे उसे सरकारी नौकरी पाने में सुविधा हो सके। इस आयोजन में चार्टर ट्रेड़रर किरण मालीवाल, पूर्व अध्यक्षा उमा न्याति, आईएसओ अंजलि भारद्वाज, ज्योति जिंदल और राजश्री काबरा उपस्थित थे।

### समाज की पुरानी परंपरा अनुसार पुस्तक में नामकरण कराया



**चित्तौड़गढ़।** निकटवर्ती गांव रामपुरिया में बड़े बुजुर्गों की मर्यादा अनुसार नामकरण का सिलसिला चलते हुए आज भी इस परंपरा को जीवित रखे जाने के उद्देश्य को लेकर कुमावत समाज के सोलंकी गोत्र के बोतलाल, भेरुलाल सोलंकी के यहाँ कुलगुरु ब्रह्मभट रावजी को बुलाकर अपनी पोती, बहीखाता में ब्रह्म भट्ट समाज के पुरानी परंपरा के अनुसार पुस्तक में जन्म-परण व मृत्यु का नामकरण कराया। कुलगुरु राव रवि कुमार आंवलहेड़ा को बुलाकर उनकी पुस्तक में नामकरण लिखवाया जिससे कि कुमावत समाज के कुलगुरू की जानकारी भी आने वाली पीढ़ी को रहे।

### केशव मित्र मंडल का दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न

**चित्तौड़गढ़ ।** सैंती में संचालित केशव मित्र मंडल की वार्षिक बैठक एवं दीपावली मिलन समारोह लालजी का खेड़ा रोड़ स्थित एक रिसोर्ट में सम्पन्न हुआ। मंडल संचालक प्रकाश मेहता ने बताया कि केशव मित्र मंडल की वार्षिक बैठक एवं दीपावली मिलन समारोह रविवार 10 नवम्बर सायं आयोजित हुआ जिसमें समिति के सदस्यों ने सपरिवार भाग लिया। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ, गेम्स का आयोजन कर सभी सदस्यों व परिवारजनों ने आनन्द उठाया। प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। बैठक में मेहता ने वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया और आगामी वार्षिक कार्यक्रमों की योजना की जानकारी दी। प्रतियोगिताओं का संचालन महिला मंडल ने किया।

# जिला क्लब का दीपावली मिलन उमंग- 24 उत्साह के साथ मनाया




**चितौड़गढ़ (पुकार)।** जिला क्लब संस्थान द्वारा आयोजित दीपावली मिलन कार्यक्रम उमंग' पूरे जोश और उत्साह के साथ अधिकारियों और सदस्यों की सहभागिता में संपन्न हुआ ।

जिला क्लब संस्थान के सचिव अरुण चौधरी ने बताया की क्लब के अध्यक्ष जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार क्लब के सभी सदस्यों का सपरिवार एकत्रीकरण के साथ दीपावली मिलन समारोह 'उमंग'-2024 भव्य आतिशबाजी के साथ उत्साह से मनाया गया । कार्यक्रम के अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामचंद्र खटीक,पुलिस उप अधीक्षक विनय चौधरी, शहर कोतवाल संजीव स्वामी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई । कार्यक्रम में गायक अमित चेचाणी, मिमिक्री कलाकार दिनेश मेवाड़ी के साथ ही कोतवाल संजीव स्वामी,चंद्र प्रकाश शर्मा,अरुणा चौखड़ा,पद्मा दशोरा, गौरवी माहेश्वरी,गर्वित माहेश्वरी, पुरु पुंगलिया,राजू ने सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी जिस पर श्रोता जूम उठे । कार्यक्रम का सफल संचालन क्लब के आजीवन सदस्य एडवोकेट प्रदीप काबरा ने किया । अतिथियों का स्वागत क्लब के कोषाध्यक्ष सीए अर्जुन मूंदड़ा, सचिव अरुण चौधरी, पूर्व सचिव इंजीनियर शरद गंगवार, एडवोकेट कृष्ण गोपाल व्यास, एडवोकेट प्रदीप काबरा,एडवोकेट महेंद्र सिंह मेड़तिया, एडवोकेट अरविंद वैष्णव ने किया । अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की ओर आपसी सौहार्द बढाने के लिए इस प्रकार के आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला । क्लब के सचिव अरुण चौधरी,कोषाध्यक्ष सीए अर्जुन मूंदड़ा ने स्वागत भाषण देते हुए क्लब की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी । कार्यक्रम में कूपन का लकी ड्रा निकाला गया जिनके विजेता अर्जुन मूंदड़ा,मधु राणावत,मिसेज जादौन,सरोज पथरिया रहे। अंत में आभार एडवोकेट कृष्ण गोपाल व्यास ने जताया । कार्यक्रम में महेंद्रपाल सिंह अरोड़ा, गोपाल चौखड़ा, राजेश लड्ढा, प्रवीण टांक, गजेंद्र जादौन, चंद्र प्रकाश शर्मा, अरविंद वैष्णव, नरेंद्र पोखरना, विपिन लड्ढा, मनोहर तोषनीवाल, पियूष अग्रवाल,मनीष नाहर, राकेश मंत्री, नरोत्तम राणावत, प्रणव पथरिया सहित अनेक सदस्यो ने सपरिवार कार्यक्रम में भाग लेकर स्वरूचि भोज का आनंद लिया ।

## व्यक्ति का मन कभी भी पूरा नहीं भरता भागवताचार्य जनार्दन मौड़



**द्वारिका/ चित्तौड़गढ़ ।** द्वारका में आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस में कथा व्यास भागवताचर्य पंडित जनार्दन मोड़ ने अपने प्रवचनों में बताया कि व्यक्ति का मन अंधा कुआ है जिसमे जितना हम भरने की कोशिश करते उतना ही खाली रह जाता है जिसकी पूर्ति कभी नहीं होती एवं नारद जी के जन्म भगवान के भजन कीर्तन करने लिए हुआ नारद चरित्र का वर्णन परीक्षित का जन्म कथा का वर्णन सुनाया कथा के दौरान सभी भक्त भजनों पर भाव ही पर होकर नृत्य करने लगे भागवत समिति के अशोक तिवारी ने बताया कि नित्य प्रतिदिन भक्तों को कथा एवम द्वारकाधीश के दर्शन का लाभ प्राप्त हो रहा है ।

## रेड फ्लेग में प्रदर्शित आवेदन पत्रों के संबंधित विद्यार्थी वांछित दस्तावेज 30 नवम्बर तक प्रस्तुत करें

**भीलवाडा।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2021-22 एवं 2022-23 में रेड फ्लेग में प्रदर्शित आवेदन पत्रों हेतु अनेक बार रेड फ्लैग सत्यापन हेतु विद्यार्थियों को मैसेज करवाने के उपरान्त भी विद्यार्थी वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर रेड फ्लैग का सत्यापन नही करवा रहे है।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक ने बताया कि विद्यार्थी हित को दृष्टिगत रखते हुए अन्तिम अवसर प्रदान कर शैक्षणिक सत्र 2021-22 एवं 2022-23 में रेड फ्लैग में प्रदर्शित आवेदन पत्रों के संबंधित विद्यार्थी को वांछित दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु 30 नवम्बर तक तिथि निर्धारित की गई है।

## नवीं की छात्राओं को मुख्यमंत्री की विशेष सौगात, प्रदेश भर में मिलेगी निशुल्क साइकिल

**प्रतापगढ़ (पुकार) ।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में नवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार अब निशुल्क साइकिल वितरण की तैयारी कर रही है। इसके लिए लुधियाना की एक फर्म को आदेश जारी कर दिये गए हैं, जिससे प्रदेश में सवा तीन लाख साइकिलें वितरित की जाएंगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने संबंधित फर्म को कायार्देश जारी कर साइकिलों की आपूर्ति के लिए आदेश दिया।

बालिकाओं को 20 इंच वाली लेडीज साइकिलें वितरित की जाएगी। विभाग एक साइकिल की कीमत 3933 रुपए अदा करेगा। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (मुख्यालय) की ओर से उपलब्ध करवाई नोडलवार कक्षा 9 में साइकिल के लिए पात्र छात्राओं की सूची के आधार पर लुधियाना पंजाब की फर्म को 3 लाख 25 हजार 200 साइकिलों की आपूर्ति के आदेश दिए गए हैं। साइकिलों की आपूर्ति जिले के नोडल केंद्रवार की जाएगी। विभागीय निर्देशानुसार फर्म को साइकिलों को असेबल करने के लिए नोडल केंद्र के विद्यालयों में खुला स्थान उपलब्ध करवाना होगा। जहां से नोडल क्षेत्र के विद्यालयों के संस्था प्रधान अपने परिवहन खर्चे पर साइकिलें लेकर जा सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा के जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से मुख्यालय स्तर पर कम से कम तीन निरीक्षण कमेटियों का गठन करना होगा, जो साइकिल असेबल के बाद निरीक्षण करेंगी। कमेटी में जिले के राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, राजकीय आईटीआई यांत्रिक शाखा का अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लेखाधिकारी, सहायक लेखा अधिकारी, ग्रेड प्रथम एवं द्वितीय कनिष्ठ लेखाकार एवं संबंधित नोडल केंद्र प्रभारी सदस्य के रूप में नियुक्त होंगे। निरीक्षण कमेटी को निविदा की शर्तों के अनुसार असेबल साइकिलों में निर्धारित मानकों के अनुसार 100 प्रतिशत भौतिक सत्यापन करना होगा।

**गत वर्ष की शेष साइकिलों का भी होगा वितरण**

मुख्यालय से गत वर्ष शेष साइकिलों का वितरण भी नवीन साइकिलों के साथ ही करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्ष 2022-23 की शेष रही साइकिलों को सही सलामत चालू स्थिति में पात्र बालिकाओं को वितरित करना होगा। इसके साथ नोडल केंद्रो से विद्यालय तक साइकिल पहुंचाने व पात्र छात्रा को साइकिल वितरण तक की समस्त परिवहन व्यवस्था संस्था प्रधान को करनी होगी। इसके लिए स्कूलों को अलग से कोई बजट नहीं दिया जाएगा। संस्था प्रधान शाला के छात्रा निधि कोष से व्यय कर सकेंगे।

# निजी विद्यालय संचालक समिति के चुनाव संपन्न वैष्णव बने अध्यक्ष, भराड़िया बने सचिव



**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालक संरक्षण समिति ब्लॉक चित्तौड़गढ़ के चुनाव रविवार को महावीर पार्क गांधीनगर में संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष एवं सचिव पद पर मतदान के माध्यम से चुनाव संपन्न कराए गए।

चुनाव में अध्यक्ष पद पर कैलाश वैष्णव एवं सचिव पद पर सुमित भराड़िया निर्वाचित हुए। समिति के संरक्षक एवं चुनाव अधिकारी लाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लॉक चित्तौड़गढ़ स्तर के सभी प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालयों के चुनाव रविवार को महावीर पार्क में अध्यक्ष एवं सचिव पद पर चुनाव हुए। चुनाव अधिकारी पूर्व ब्लॉक जिला शिक्षा अधिकारी हरीश गोड एवं रिटायर्ड शिक्षाविद बसंती लाल भराड़िया के सानिध्य में चुनाव संपन्न कराए गए। चुनाव परिणामो में अध्यक्ष पद पर कैलाश वैष्णव एवं सचिव पद पर सुमित भराड़िया को सर्वाधिक मत प्राप्त हुए, जिन्हें प्रमाण पत्र देकर विजय घोषित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कैलाश वैष्णव ने सभी संचालक साथियों को धन्यवाद अर्पित किया और कहा कि जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार कर के संगठन को मजबूत करने हेतु नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा एवं संगठन के माध्यम से निजी स्कूल संचालकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा और संगठन में नवाचार किए जाएंगे।

नव निर्वाचित सचिव सुमित भराड़िया ने उपस्थित सभी संचालक सदस्यों को अपना अमूल्य समय निकालकर मतदान करने के लिए धन्यवाद दिया और संगठन का कार्य करने का आश्वासन दिया।

प्राथमिक उच्च प्राथमिक संचालक संरक्षण समिति के पूर्व सदस्य सत्येंद्र सिंह सांचौरा, विक्रम सिंह, ख्याली लाल शर्मा, भगवत कंवर ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव को बधाई देकर संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया। मतदान स्थल पर उपस्थित सभी विद्यालय संचालकों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव को बधाई दी और मतदान पूर्ण होने पर हर्ष प्रकट किया।

# जिला स्तरीय समीक्षा एवं अभिसरण समिति के कार्यो की समीक्षा बैठक

**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा एवं समन्वय समिति की बैठक का आयोजन ग्रामीण विकास सभागार चित्तौड़गढ़ में किया गया। बैठक में उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग नन्द लाल मेघवाल ने बताया कि जिला स्तरीय बैठक में लाइन विभागों के साथ अभिसरण के माध्यम से लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग द्वारा समय-समय पर किये जा रहे कार्यो से अवगत करवाया। अति. मुख्य कार्यकारी ने सभी अभिसरण विभागों को आंगनवाड़ी केन्द्र के लाभार्थियों 0 से 6 वर्श की आयु के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पोशण स्तर में सुधार करने हेतु भारत सरकार द्वारा दिये गए लक्ष्यों की पूर्ति हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, को निर्देशित किया गया कि किराये के भवन में संचालित हो रहे 134 आंगनवाड़ी केन्द्रो को रिक्त/खाली विद्यालय भवन में शिफ्ट कराये। रिक्त/खाली विद्यालय भवन नहीं होने पर विद्यालय परिसर में 1250 वर्ग फिट जमीन उपलब्ध है तो भवन निर्माण हेतु स्वीकृति उपलब्ध कराये। विद्यालय परिसर में संचालित आंगनवाडी केन्द्रो पर विद्युत कनेक्शन उपलब्ध करायें। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को नल कनेक्शन रहित आंगनवाड़ी केन्द्रों पर नल कनेक्शन करवाने हेतु निर्देशित किया। विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि जिन आंगनवाड़ी केन्द्रों से हाई टेंशन लाईन गुजर रही है, उन्हें हटाया जाये। आंगनवाड़ी केन्द्र पर मीटर आंगनवाड़ी परिसर में ही लगाये जाये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तारा चन्द गुप्ता को निर्देशित किया गया कि जिले के अति कुपोषित एवं कुपोषित बच्चों की जांच हो, उन्हें आवश्यकता होने पर रूष्ट पर रेफर कराये। महिला एवं बाल विकास विभाग के महिला पर्यवेक्षक को निर्देशित किया कि एनीमिक बच्चों की सूचना स्वास्थ्य विभाग के साथ साझा करें ताकि अति कुपोषित, कुपोषित एवं एनीमिक बच्चों का फॉलोअप किया जा सके। माह में एक बार टीकाकरण दिवस पर उपरोक्त श्रेणी के लाभार्थियों की जांच सुनिश्चित करें। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के बाल परियोजना अधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षक को निर्देशित किया कि निरीक्षण के दौरान केन्द्र पर उपलब्ध सभी मापक उपकरण की जांच करे। भवन एवं शौचालय निर्माण हेतु परियोजना स्तर पर विकास अधिकारी से मिलकर कार्य पूर्ण करावें। पोषण ट्रैकर पर सभी डाटा पूर्ण एवं जांच के बाद ही दर्ज करावे तथा जिस दिन मानदेय कार्मिकों के द्वारा पोषण ट्रैकर ओपन नहीं किया जाता है ऐसे मानदेय कर्मियों को मानदेय भुगतान नहीं किया जाये। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में शत प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ दिलवाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिले में सीएसआर द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की, जिसमें उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि हिन्दुस्तान जिंक द्वारा नंदघर कार्यक्रम अन्तर्गत अब तक 208 आंगनवाड़ी केन्द्रों को नंदघर के रूप में विकसित किया गया है। बिरला सीमेन्ट वर्क्स द्वारा 12 आंगनवाड़ी केन्द्रों को विशेश सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है। इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा जिले के 3 आंगनवाड़ी केन्द्रों को नया भवन एवं अन्य सुविधाएं दिये जाने हेतु कार्यवाही की जा रही है। सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग राकेश कुमार तंवर ने बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत परियोजना स्तर पर गुड-टच-बेड-टच, क्षमतावर्धन कार्यशाला, महिलाओं को कानूनी एवं वित्तीय साक्षरता एवं साईबर क्राइम संबंधी जानकारी हेतु कार्यशाला करवाये जाने हेतु जानकारी दी। बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी दीलीप सिंह राठौड़, अंकित शुक्ला, रूचि भुकल, मनीश मेघवाल, मुकेश कुमार, रवि कुमार, उमेश चन्द्र कुमावत, मंगलेश्वर शर्मा तथा समता भटनागर जिला समन्वयक एवं जिले की समस्त महिला पर्यवेक्षक, मंत्रालयिक कार्मिक, ब्लॉक समन्वयक एंव विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## साथी पोर्टल के बीज इन्वेंट्री मॉड्यूल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**चित्तौड़गढ़ ।** कार्यालय उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा, चित्तौड़गढ़ के प्रशिक्षण हॉल में संयुक्त निदेशक कृषि (वि0) दिनेश कुमार जागा की अध्यक्षता में साथी पोर्टल के रोल आउट द्वितीय चरण (बीज इन्वेंट्री मॉड्यूल) का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। संयुक्त निदेशक कृषि (वि0) ने रबी वर्ष 2024-25 में प्रमाणित वीज वितरण साथी पोर्टल के माध्यम से ही करने की जानकारी दी तथा जिले के बीज विकताओं को इस वर्ष रवी सीजन से ही साथी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बीज का वितरण करना सुनिश्चित करने को कहा। डॉ0 प्रशान्त कुमार जाटोलिया, कृषि अधिकारी (मिशन) चित्तौड़गढ़ ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले के सहकारी एवं निजी क्षेत्र के बीज विकताओं को साथी पोर्टल के माध्यम से बीज प्रमाणीकरण, ऑनलाइन स्टॉक मैनेजमेंट के संबंध में प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा डॉ0 आर. के. सामोता सहायक निदेशक कृषि (वि0) श्री ज्योति प्रकाश सिरोया, एवं उप परियोजना निदेशक आत्मा डॉ कुलदीप सिंह चन्द्रावत ने भाग लिया।

# शिक्षा को समर्पित नवनिर्मित कक्षा-कक्ष का लोकापर्ण व सम्मान समारोह



**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** विक्टर राउण्ड टेबल 361 द्वारा ब्लॉक चित्तौड़गढ़ के ग्राम पंचायत धनेत कला के डगला का खेडा ग्राम में राजकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में दो कक्षा-कक्ष का निर्माण कराया गया।

चित्तौडगढ विक्टर राउण्ड टेबल की स्थानीय शाखा 361 के अध्यक्ष दीपक पगारिया ने बताया की चित्तौड़गढ़ जिले में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सहयोग प्रदान करने व शिक्षा को बढावा, नामांकन एवं ठहराव में योगदान प्रदान करने दृष्टि से शिक्षा को समर्पित 2 कक्षा-कक्ष का नव निर्माण मय फर्नीचर व 3 शौचालय की मरम्मत रंग रोगन आदि पूर्ण कराकर उसका लोकापर्ण कर विद्यालय को सुपुर्द किये गये। इस अवसर पर नवनिर्मित कक्षा-कक्ष का लोकापर्ण कार्यक्रम के राउण्ड टेबल इंडिया के राज्य पदाधिकारी मुख्य अतिथि पंकज दुग्गड उदयपुर व रौनक जैन चित्तौडगढ, अध्यक्षता प्रमोद कुमार दशोरा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, कल्पना शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, कार्यक्रम के संरक्षक देवेन्द्र कंवर प्रधान पंचायत समिति चित्तौडगढ व स्थानीय संरपच रणजीत सिंह, पूर्व अध्यक्ष अनुज ईनाणी, योगेश अडानीया एपीसी एवं हेमेन्द्र कुमार सोनी संदर्भ व्यक्ति बैंछ आदि के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम सभी अतिथियों का विद्यालय के मुख्य द्वारा से तिलक लगाकर, कलश बधाई के रिवाज के साथ परिसर में प्रवेश किया व सभी ने सरस्वती पूजन किया गया।

संस्था प्रधान अनिल शर्मा द्वारा उपस्थिति सभी अतिथियों को उपरणा धारण कराकर कर व शाब्दिक स्वागत किया। इसी क्रम में स्थानीय विद्यालय की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत एवं नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। विभाग की और से प्रमोद कुमार दशोरा अति. जिला परियोजना समन्वयक ने संस्था द्वारा इस प्रकार से शिक्षा को दिये जा रहें सहयोग की सराहना करते हुए बताया की विद्यालय में पर्याप्त कक्षा-कक्ष बच्चों के नामांकन एवं ठहराव में अपनी महत्ती भूमिका निभाते है। कल्पना शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, चित्तौडगढ ने राजकीय विद्यालय ने संस्था द्वारा किये जा रहें बुनियादी ढांचे के विकास की भूरी -भूरी प्रशंसा की तथा भविष्य के लिए भी इसी प्रकार से सहयोग की आशा व्यक्त की। रौनक जैन, अनुज ईनाणी एवं दीपक पगारिया द्वारा संस्था के कार्यो व प्रगति से उपस्थित सभी संभागियों को अवगत कराया व नवनिर्मित कक्षा कक्षों का पंडित राजकुमार सुखवाल द्वारा पूजन कराकर अतिथियों से रिबन काटकर लोकार्पण करते हुए विद्यालय को सुर्पुद किये गये। कार्यक्रम का संचालन गोपाल त्रिपाटी एवं आभार प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने दिया। इस अवसर पर सीवीआरटी 361 द्वारा उदयपुर से पधारे पंकज दुग्गड को उपरणा धारण कराकर विश्व विख्यात विजय स्तम्भ का प्रतिक भेट किया। कार्यक्रम में संस्था के रौनक जैन, दीपक पगारिया, अनुज ईनाणी, हिमांशु सिसोदिया, प्रतीक सिसोदिया, ऋषभ सिसोदिया, अनिकेत झंवर, विनित जैन, राहुल सिसोदिया, रौनक ईनाणी, रमेश चन्द्र सेन विद्यार्थी, विद्यालय स्टाफ गणमान्य नागरिक इत्यादी उपस्थित रहें।

## महावीर इंटरनेशनल के नए अध्यक्ष बने पटवारी, श्री जैन दिवाकर कमल गौशाला के नव मनोनीत अध्यक्ष नवलखा का किया अभिनन्दन

### महावीर इंटरनेशनल का दीपावली मिलन समारोह हुआ सम्पन्न



**निम्बाहेड़ा (पुकार) ।** विगत 28 वर्षों से क्षेत्र में समाजसेवा की प्रमुख संस्था महावीर इंटरनेशनल का दीपावली मिलन समारोह पूर्व विधायक एवं श्री जैन दिवाकर कमल गौ शाला के अध्यक्ष अशोक नवलखा के मुख्य आतिथ्य एवं महावीर इंटरनेशनल की रीजनल सचिव सरोज ढेलावत की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्था के पूर्व राष्ट्रीय सचिव कमलेश ढेलावत, पद्मिनी वीरा केंद्र की चेयरपर्सन प्रीति खेरोदिया एवं स्थानीय इकाई के निवर्तमान अध्यक्ष आशीष बोड़ाना मंचासीन रहे। समारोह के आरम्भ में महावीर इंटरनेशनल के सदस्यों द्वारा श्री जैन दिवाकर कमल गौ शाला के नव मनोनीत अध्यक्ष एवं समारोह के मुख्य अतिथि अशोक नवलखा का उपरना ओढाकर अभिनंदन किया गया, ततपश्चात समारोह के अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा श्री जैन दिवाकर कमल गौ शाला की गायों को सवा क्विंटल लापसी खिलाकर गौ सेवा भी की गई। समारोह में स्वागत उद्बोधन देते हुए पूर्व राष्ट्रीय सचिव कमलेश ढेलावत ने विगत 28 वर्षों में महावीर इंटरनेशनल द्वारा निरंतर करवाये जा रहे सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समारोह के मुख्य अतिथि नवलखा ने अपने उद्बोधन के माध्यम से महावीर इंटरनेशनल का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में श्री जैन दिवाकर कमल गौ शाला को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से पूर्ण सहयोग का आग्रह किया। समारोह को महावीर इंटनेशनल की रीजनल सचिव सरोज ढेलावत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल की निम्बाहेड़ा इकाई के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से विकास पटवारी एवं सचिव पद पर दीपक सगरावत को मनोनीत किया गया। कमलेश ढेलावत ने दोनों के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसपर उपस्थित सदस्यों ने सर्वसहमति से मुहर लगाई। कार्यक्रम का संचालन अनंत चपलोत ने किया, वहीं आभार एवं धन्यवाद निवर्तमान अध्यक्ष आशीष बोड़ाना ने व्यक्त किया। समारोह में महावीर इंटनेशनल एवं पद्मिनी वीरा केंद्र के पदादिकारी व सदस्य सहित नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# प्रगतिरत विकास कार्यों को शीघ्र से शीघ्र पूर्ण करें विभाग : जिला कलक्टर

● पालनहार योजना में एक भी पात्र बच्चां न रहे वंचित : जिला कलक्टर
● पीडबल्यूडी, जलदाय, विद्युत, चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों के विकास कार्यों और योजनाओं की हुई समीक्षा
● 15 को होने वाले धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम की तैयारियों पर भी हुई चर्चा



**राजसमंद (पुकार)।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने सोमवार को पंचायतीराज, पीडब्ल्यूडी, जलदाय, विद्युत, जल संसाधन, श्रम कल्याण, समाज कल्याण, कृषि, उद्यानिकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। इस दौरान जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एसडीएम बृजेश गुप्ता, नगर परिषद आयुक्त दुर्गेश रावल सहित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जिले में प्रगतिरत विकास कार्यों को शीघ्र से शीघ्र पूर्ण कर धरातल पर उतारें, साथ ही गुणवत्ता से कार्य करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता मगनीराम रैगर को पैच वर्क संबंधी सभी कार्य भी जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। ऐसे ही जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता शैतानसिंह से जल जीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए पेंडिंग कार्य पूरे करने की बात कही। श्रम कल्याण अधिकारी उमेश राइका, सीडीईओ मुकुट शर्मा और पंचायत समितियों के विकास अधिकारियों से प्रोजेक्ट श्रम सम्बल पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए निर्माण श्रमिक शिक्षा एवं कौशल विकास योजना से सभी पात्र श्रमिकों के बच्चों को जोड़ने के निर्देश दिए ताकि इस जरूरतमंद वर्ग को लाभान्वित किया जा सकें। जिला कलक्टर ने सभी विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर सभी आवेदन समय पर निस्तारित करें ताकि पात्र श्रमिकों के बच्चों को शत प्रतिशत लाभान्वित किया जा सकें।

पालनहार में एक भी पात्र बच्चा न रहे वंचित

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक जयप्रकाश चारण से पालनहार विशेष अभियान की प्रगति जानी और समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में एक भी पात्र अनाथ या अन्य श्रेणी का बच्चा पालनहार योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए, हमें शत प्रतिशत बच्चों को लाभान्वित करना है। इस बीच उन्होंने नगर परिषद आयुक्त दुर्गेश रावल को हाल ही में इरिगेशन पाल पर सफाई अभियान के दौरान महिला सफाई कर्मियों से चर्चा के दौरान आई समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। पाल पर चर्चा के दौरान एक पात्र विधवा महिला सफाई कर्मी ने कलक्टर को बताया था कि उसके तीन बच्चें हैं और वे पालनहार से वंचित हैं, जिस पर कलक्टर ने आयुक्त को निर्देश दिए कि हाथों-हाथ उन बच्चों को योजना में जोड़ कर लाभान्वित करें। ऐसे ही जिला कलक्टर ने नियमित विद्युत सप्लाई, पेंडिंग कनेक्शन की स्थिति आदि को लेकर विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता बीएस शर्मा को दिशा-निर्देश दिये। शर्मा ने जिला कलक्टर को पीएम सूर्य घर योजना में अब तक हुई प्रगति से अवगत कराया जिस पर कलक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस योजना को अब मिशन मोड पर ले जाएं और लोगों में इसका ठीक से प्रचार कर उन्हें इसके लाभ समझाए। कलक्टर ने कहा कि जब लोगों को इस योजना के फायदे पता चलेंगे तो निश्चित रूप से वे सौर ऊर्जा को अपनाएंगे। कलक्टर ने पीडबल्यूडी की सड़कों की रिपेरींग और अन्य मेजर विकास कार्यों को लेकर शुक्रवार को पीडबल्यूडी की अलग से बैठक बुलाने के भी निर्देश दिए।

संपर्क की शिकायतों का संतोषजनक समाधान करें

कलक्टर ने संपर्क पोर्टल के लेवल वन, टू एवं थ्री पर दर्ज प्रकरणों की डिटेल में समीक्षा की। जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा ने भी अधिकारियों से एक-एक प्रकरण को लेकर बारीकी से संबंधित विभाग के जिला स्तरीय प्रभारी अधिकारी से पूछा। कलक्टर ने इस दौरान दर्ज एवं निस्तारित शिकायतों का विवरण, संतुष्टि का प्रतिशत, निस्तारण में लगा समय सहित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली। कलक्टर ने निर्देश दिए कि संपर्क पर दर्ज शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए और शिकायतकर्ता को राहत दी जाए, जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं इस बात का सत्यापन करें कि शिकायत का समाधान हुआ है या नहीं।

# मासिक काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन



**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान साहित्यकार परिषद कांकरोली के तत्वावधान में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन परिषद अध्यक्ष त्रिलोकी मोहन पुरोहित की अध्यक्षता व कमर मेवाड़ी के सानिध्य में आयोजित हुई। विशिष्ट अथिति जवानसिंह सिसोदिया थे। हो गया उजाला बहुत, आओ एक दीप अपने भीतर भी जलाएँ पंक्तियों के साथ गोष्ठी के सूत्रधार किशन कबीरा ने गोष्ठी का आह्वान किया। युवा साहित्यकार राजकुमार खटीक ने अपनी कविता कंधा मिलाकर चलना, कंधा देना, मैंने कहा तुम मेरी हो का वाचन किया। वयोवृद्ध साहित्यकार ईश्वर चंद्र शर्मा ने मन का द्वंद्व सुनाई। युवा साहित्यकार अखिल नागदा ने संपत्ति के लालची पुत्रों की पिता के प्रति दर्शाती असंवेदनशीलता पर प्रहार पर प्रहार करती अपनी लघुकथा डील का वाचन किया। प्रमोद सनाढ्य ने अपने चिरपरिचित अंदाज में अपना गीत बच्चे अब बड़े हो रहे हैं, बड़ों के सामने खड़े हो रहे हैं प्रस्तुत किया। शैख अब्दुल हमीद ने अपनी गजल सोये काँटों पे रात भर जागे सुनाई। अफजल खाँ अफजल ने याद तुम्हारी हर मौसम के चेहरे पर का वाचन किया। अय्याज मोहम्मद इलियास ने अपनी गजल दिवाली के पटाखों ने घर मेरा जलाया प्रस्तुत की। नगेन्द्र मेहता भव्य ने बाल साहित्य वर्तमान समय की आवश्यकता का वाचन किया। माधव नागदा ने राजस्थानी भाषा में अपनी कहानी जीया का वाचन किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार कमर मेवाड़ी ने अपनी साहित्यिक यात्रा और संबोधन पत्रिका के प्रकाशन से संबंधित संस्मरणों के साथ राजस्थानी भाषा में इन पंक्तियों के साथ अपनी कविता कविता री धार सूं प्रस्तुत की। मैं तो सफा बचग्यो पण वे कोनी बच सक्या म्हारा वार सूं म्हारी कविता री धार सूं। इसी तरह विशिष्ट अथिति जवानसिंह सिसोदिया ने राजस्थानी भाषा में अपनी कहानी खीर री कुल की सुनाई। गोष्ठी के सूत्रधार किशन कबीरा ने अपना गीत मनाएँ इस तरह दिवाली बरसे प्रेम इतना कि मुरझाई टहनियों पर खिलें फूल अनगिनत इसबार। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए त्रिलोकी मोहन पुरोहित ने गोष्ठी में प्रस्तुत सभी रचनाओं पर अपनी बात कही और अपना गीत कल तक था गुप अंधेरा आज है उजाला उजाला दीप का जादू कहूँगा सुनाया। आभार प्रमोद सनाढ्य ने ज्ञापित किया।

# ठाकुरजी की संगीत संध्या में भक्तों ने खूब किया डांडिया और गरबा

## आज मालीवाड़ा से सौ फीट रोड के बालाजी मंदिर आएगी ठाकुरजी की बारात



**राजसमंद (पुकार)।** शहर के सौ फीट रोड पर बजरंग चौराहा स्थित बालाजी मंदिर की नवम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित तुलसी विवाह महोत्सव में रविवार शाम को रास गरबा एवं संगीत संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं मंगलवार को तुलसी माता के संग ठाकुरजी के विवाह की रस्म पूरी होगी। श्री बालाजी महाराज सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश निष्कलंक ने बताया कि तुलसी विवाह महोत्सव के तहत आयोजित संगीत संध्या में श्रद्धालुओं का उत्साह पूरे चरम पर रहा। इसमें महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने गुजराती गरबा गीतों के साथ ही हिंदी और राजस्थानी भजनों पर जमकर डांडिया और गरबा नृत्य किया। इस दौरान मंदिर में बालाजी महाराज की प्रतिमा को आकर्षक श्रृंगार धराया गया। महोत्सव में सोमवार दोपहर बाद तुलसी विवाह के तहत हल्दी की रस्म अदा की गई। इसमें महिला श्रद्धालुओं ने तुलसी माता को हल्दी लगाने की रस्म पूर्ण की। इसके बाद तुलसी माता को 1 क्विंटल फूलों से होली खिलाई गई। वहीं महोत्सव में मंगलवार अपरान्ह 2 बजे मालीवाडा के प्रभुजी चारभुजा नाथ मंदिर से ठाकुरजी विवाह के लिए पूरे लाव-लश्कर, ढोल-नगाड़ों एवं डीजे के साथ बारात लेकर राजनगर के प्रमुख मार्गो से होकर 100 फीट रोड बालाजी मंदिर पहुंचेंगे।

# 14वीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

● डे नाईट मैचो में 92 टीमो के बीच हुए रोचक मुकाबले
● जीत के साथ जीवन में विनम्रता हो, हार से निराश न होकर संघर्ष दुगुना करे : पालीवाल
● समेसिंग में साकरोदा, शूटिंग में केलवा व अंडर-19 वर्ग में झालों की मंदार विजेता रही



**राजसमंद (पुकार)।** 24 श्रेणी पालीवाल समाज की 14वीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दुधिया रौशनी में सुबह 4 बजे भोर तक मैच चले। 24 श्रेणी पालीवाल समाज सेवा समिति के अध्यक्ष मांगीलाल पालीवाल ने कहा कि जीत के साथ जीवन में विनम्रता हो, हार से निराश न होकर अपने संघर्ष को दुगुना करें। प्रतियोगिता में मेवाड़ संभाग के 52 गाँवो के सभी प्रबुद्धजनो व युवाओं की उपस्थित रहे साथ ही खेल प्रतिभाओं के उत्साह को देखते हुए सुबह 4 बजे तक खेल मैदान पर हजारों समाजजन डटे रहे। परिणामस्वरूप अंडर-19 वर्ग समेसिंग में विजेता झालो की मंदार, उप विजेता ओडन, बेस्ट प्लेयर भावेश पालीवाल, सीनियर समेसिंग वर्ग विजेता साकरोदा, उपविजेता मण्डा, बेस्ट प्लेयर महेंद्र पालीवाल, शूटिंग वर्ग विजेता केलवा, उपविजेता मोरवड़, बेस्ट प्लेयर अनिल पालीवाल रहे। विजेता टीमों के खिलाड़ियों को इकलाई, मोमेंटो व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शशिकांत महाकाली ने सम्पूर्ण आयोजन से 10 श्रेष्ठ खिलाड़ियों के लिए 11000 रुपए, देवनारायण छोटी मोरवड़ की ओर से श्रेष्ठ 5 खिलाड़ियों के लिए 5000 रुपये, अंडर 19 समेसिंग वर्ग विजेता टीम को महेंद्र मंदार की ओर से 2100 रुपये का नगद पुरस्कार, ओंकारलाल उंखलियो का खेड़ा की ओर से विजेता को 1100 रुपए व उपविजेता को 500 रुपए नगद पुरस्कार दिया गया। नवीन, किशन पालीवाल मोरवड़ की ओर से समाज के आठों रेफरी को ट्रैकसूट दिए गए। संचालन राजेश भगवानदा, सुनील चारभुजा, गणेश मोरवड़, नीलेश धर्मेटा ने किया। इस दौरान खेल सयोंजक दिनेश पालीवाल, सह सयोंजक शंकरलाल मुंडोल, जनरल रेफरी राजेश मण्डा, ख्यालीलाल तासोल, रामरतन मोरवड़, मनोहर चारभुजा, भरत मण्डा, भगवतीलाल खमनोर, विनोद साकरोदा, नरेंद्र ओडन, सत्यनारायण केलवा, गिरिराज मुंडोल, मनोज भगवानदा, दुर्गेश धोइंदा, लोकेश जावद, अरविंद साकरोदा, महेंद्र मंदार, रामकिशन भेसाकमेड़, आर्यन गांवगुडा, भरत केलवा, राजू रेड हिल्स, धर्मेश केलवा, मनीष केलवा, छोटी मोरवड़ से पद्मश्री श्यामसुंदर पालीवाल, केशूलाल, प्रेमशंकर, मदन, सत्यनारायण, किशन, जीतू, योगेश, भूपेंद्र, नवीन, मोहन, ईश्वर, हितेश, दीपक, रोहित, बड़ी मोरवड़ से भेरूलाल, भवंरलाल, प्यारेलाल, जितेंद्र, भरत, नेमीचंद, धर्मेटा से भगवतीलाल, लक्ष्मीनारायण, मांगीलाल, प्रकाश, अजय, रोहित सहित समाजजन मौजूद थे।

# माहेश्वरी समाज की प्रदेश कार्यकारी मंडल की बैठक संपन्न





**राजसमंद (पुकार)।** जिला माहेश्वरी सभा के तत्वाधान एवं माहेश्वरी समाज कुरज के आथित्य में कुरज माहेश्वरी समाज भवन में दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के कार्यकारी मंडल की बैठक प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम चेचानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अर्थ मंत्री राजकुमार काल्या थे। शुरुआत में प्रदेशाध्यक्ष ने कुरज माहेश्वरी समाज की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण करवाई गई। जिसमें अध्यक्ष खयाली लाल जागेटिया एवं सचिव गिरिराज लाहोटी को सर्वसम्मति से निर्वाचित चयनित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष, मंत्री एवं जिलाध्यक्ष विष्णु गोपाल सोमानी ने स्वागत उद्बोधन दिया। बैठक में वर्तमान में माहेश्वरी समाज में जो भी ज्वलंत मुद्दे थे उन पर काफी चर्चाएं हुई एवं महासभा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर जो भी कार्य योजनाएं चलाई जा रही है, सहायता योजनाएं चलाई जा रही है उन सभी कि विस्तृत जानकारी विभिन्न वक्ताओं के द्वारा सदन को प्रदान की गई। प्रदेश सभा के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने विभिन्न ट्रस्टों के माध्यम से जो सहायता प्रदान की जा रही है उसके बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

महासभा की फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में अवगत

मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय अर्थ मंत्री राजकुमार काल्या ने महासभा की फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में सदन को विस्तार से अवगत कराया। प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम चेचानी ने प्रदेश सभा द्वारा अब तक किए गए कार्यों एवं भावी योजना के द्वारा क्या किया जाना है बताया और विभिन्न जिलों को अपने जिले में क्या-क्या कार्य संपादित करवाने हैं, क्या-क्या योजनाओं के लिए कार्य करना है, जिला सभाओं के दायित्व के बारे में बताया एवं उनसे राष्ट्रीय फ्लैगशिप योजनाओं को इस कार्यकाल में कम से कम दो-दो बार करने के लिए निर्देशित किया। प्रदेश अध्यक्ष जी ने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी विधवा एवं असहाय बहन सहायता मिलने से वंचित में रहे एवं सभी कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि समय.समय पर उनसे मुलाकात कर हर संभव मदद का प्रयास करें। साथ ही किसी घर में अगर दो विधवा है तो उन दोनों को सहायता मिले इस के लिए भी प्रदेश स्तर से प्रयास किया जाएगा। राष्ट्रीय युवा संगठन के महामंत्री प्रदीप लड्ढा ने युवा संगठन के द्वारा किए जा रहे किया जा रहे कार्यों से सदन को अवगत कराया एवं दुबई में होने वाले बिजनेस समीट के बारे में सदन को जानकारी दी एवं उसमें सम्मिलित होने का आव्हान किया। संयुक्त मंत्री राजेंद्र नुवाल के निधन होने से जो पद रिक्त हुआ था उसेके लिए पूरे सदन में सर्वसम्मति से राकेश मुंदडा उदयपुर को प्रदेश संयुक्त मंत्री के पद पर निर्वाचित किया। अब तक जो भी समाज बंधु दिवंगत हुए हैं उनके लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। आभार प्रदेश सचिव रामगोपाल सोमानी ने ज्ञापित किया।

# आवंला नवमी पर किए दीपदान



**राजसमंद (पुकार)।** विप्र फाउण्डेशन जोन-1, महिला प्रकोष्ठ ग्रुप की ओर से कार्तिक महिने आवंला नवमी पर श्री द्वारिकाधीश जी मन्दिर के जलधरा घाट पर सभी महिलाओं ने घाट का पूजा-अर्चना कर दिपो और फूलो से सजा कर दिप प्रज्ज्वलित कर आरती की गई। साथ ही गंगा आरती भी की गई। इसके बाद दीपको को पानी में प्रवाहित कर दीपदान किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष वर्धिनी पुरोहित, जिला महामंत्री अनीता पालीवाल, जिला उपाध्यक्ष पुष्पा पालीवाल, कोषाध्यक्ष शारदा पालीवाल, जिला सचिव गायत्री पालीवाल, जिला सचिव भावना सनाढ्य, नाथद्वारा से सरोज, ललिता, नगर उपाध्यक्ष दिव्या उपाध्याय, मंजु पाराशर, शंकुतला, आरती पालीवाल सहित अन्य महिलाएं मौजूद थी।

# चाइल्ड हेल्प लाइन द्वारा आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

## बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभावों पर किया जागरूक



**राजसमंद (पुकार)।** बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक दीपेन्द्रसिंह शेखावत के निर्देशानुसार चाइल्ड हेल्प लाइन व बाल अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सुन्दरचा मनरेगा में बाल विवाह एवं साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। रुकसाना अगवान ने सामाजिक कुरीति बाल विवाह पर विस्तार से चर्चा करते हुए बाल विवाह के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए बताया कि छोटी उम्र में शादी होना लड़का-लड़की दोनों पर शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभाव पड़ता है। बच्चों के लिए बने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत उन सभी को बराबर सजा के हकदार है जो बाल विवाह में शामिल होता है एवं बाल विवाह का समर्थन करते है। बाल विवाह की रोकथाम अगर आपके आस पास बाल विवाह होता पाएं तो आप उसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन के नंबर 1098 एवं पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 112 पर आप जानकारी देवें, आपकी जानकारी पूर्णतया गोपनीय रखी जाएगी। साथ ही साइबर सुरक्षा पर चर्चा करते हुए बताया कि आप सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करें एवं अनजान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी नहीं दे। जागरूकता ही इसका बचाव है। चाइल्ड हेल्प लाइन से लविशा साहू चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि अगर आप किसी भी बच्चें को मुसीबत में देखते है तो आप 1098 पर डायल कर मदद ले सकते है, आपकी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत एवं विशेष प्रि-लिटिगेशन लोक अदालत को लेकर बैठक सम्पन्न



**राजसमंद(पुकार)।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार इस वर्ष की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर 2024 को किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछ्वाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव संतोष कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश नाथद्वारा प्रवीण कुमार मिश्रा एवं अन्य न्यायिक अधिकारी के साथ सोमवार बैठक का आयोजन जिला एवं सेशन न्यायालय नाथद्वारा के अवकाशागार में किया गया। प्राधिकरण सचिव अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों के साथ 14 दिसम्बर वर्ष 2024 की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत एवं 18 नवम्बर 2024 को विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत के सफल आयोजन एवं संचालन के लिए विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व में निस्तारित प्रकरणों से अधिक प्रकरणों के निस्तारण पर विचार विमर्श किया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रेम प्रकाश जीनगर, अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील कच्छावा उपस्थित सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# कुचलो ना देखो इन्हें बड़ी अनमोल है ये मोल न लगाओ यही मांगती है बेटियां...

## भिक्षु बोधि स्थल में जमा कविताओं का रंग





**राजसमंद (पुकार)।** शहर के सौ फीट रोड़ स्थित भिक्षु बोधि स्थल राजनगर में साध्वी लब्धीयशा, साध्वी गौरव प्रभा, साध्वी कौशलप्रभा के सानिध्य में और भिक्षु बोधि स्थल अध्यक्ष हर्ष लाल नवलखा की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। स्वागत उद्धबोधन सभा अध्यक्ष हर्षलाल नवलखा ने दिया एवं प्रारंभ में उपाध्यक्ष अनिल बडोला, मंत्री सागरमल कावड़िया और सहमंत्री भूपेश धोका आदि ने सभी कवियों का पगड़ी इकलाई और साहित्य भेंट कर स्वागत किया। कवि सम्मेलन की शुरुआत कवियत्री नीतू बापना ने मां शारदे सरस्वती वंदना से की। गौरव पालीवाल ने अपने छंद और कविताओं से खूब आनंदित किया। आसू कवि हेमेंद्रसिंह चौहान ने बचपन की याद ताजा करते हुए स्कूल समय को चित्रित करती कविता परकार के परकार से सभी को गुदगुदाया। हास्य व्यंग के कवि कानू पंडित नाथद्वारा ने अपनी हास्य रचनाओं सबको खूब हंसाने के साथ ही बरगद नीम अंबुवा की छांव जरूरी है इसलि, हिंदुस्थान में गांव जरूरी है जैसी संवेदन शील रचना से सभी को चिंतन को मजबूर कर दिया। वरिष्ठ कवि सूर्य प्रकाश दीक्षित ने मानवीय संवेदनाओं को रेखांकित करते हुए अगर भाई आपस में लड़ते रहे तो इज्जत का जनाजा निकल जाएगा और वृद्धा आश्रम समाज के चेहरे पर कलंक है जैसी रचनाओं से सबको चिंतन को मजबूर कर दिया। सतीश आचार्य ने अपनी शिक्षा के भगवा करण विषयक रचना जब लोग दुनिया में नंगे डोल रहे थे तोते यहां के वेदमंत्र बोल रहे थे और यो मोबाइल को ढीबरो गजब कर ग्यो फोरा मोटा हंगला ने डेल कर ग्यो कविता सुनाकर श्रोताओं को खूब आनंदित किया। कवि सम्मेलन की सूत्रधार कवियत्री नीतू बाफना ने श्रृंगार से सराबोर रचनाओं के साथ ही कुचलो ना देखो इन्हें बड़ी अनमोल है ये मोल न लगाओ यही मांगती है बेटियां जेसी चिंतन शील रचना से अपनी छाप छोड़ी। इस दौरान ज्ञानमल मादरेचा, महावीर धोका, मुकेश चपलोत, चतुर कोठारी, सुधा कोठारी, चेष्टा धोका, नीना कावड़िया, विकास मादरेचा, प्रमोद कावड़िया, मंजू बडोला, हिम्मत मेहता, ललित बाफना, लता मादरेचा, सीमा चपलोत, यशवंत चपलोत, पंकज मादरेचा, अंकित परमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे। आभार संस्था के सहमंत्री भूपेश धोका ने ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त खबरें...

### तुलसी विवाह के दौरान नगर में निकली भव्य कलश यात्रा



**आमेट ।** नगर के हरिजन बस्ती शनिमहाराज वार्ड सं 2 मे भेरूलाल पिता रघुनाथ हरिजन द्वारा तुलसी विवाह का आयोजन किया जा रहा है । जिसमे ठाकुर जी की बारात उदयपुर मुरली मनोहर मन्दिर अम्बामाता से आएगी । विवाह दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं । सोमवार को तुलसी माता की शोभा यात्रा मे विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया ।कलश यात्रा चन्द्र भागा नदी तट पर महावीर हनुमान मन्दिर से रवाना होकर शनिमहाराज मंदिर, तकिया रोड, सब्जी मण्डी, लक्ष्मी बाजार, होस्पीटल रोड,बडीपोल, रामदेव मन्दिर, रामचौक होते हुए पुनः हरिजन बस्ती पहुंची। शोभायात्रा में डीजे की धुन पर युवक महिलाएं नाचती गाती एवं महिलाएं माथे पर कलश लेकर चल रही थी। साथ में तुलसी माता को रथ मे बैठा कर चल रहे थे।

### लिकी में खेडादेवी चावण्डा माता शक्तिपीठ पर खेखरिया नवरात्री ज्वारा विसर्जन



**आमेट ।** समीपवर्ती ग्राम लीकी में विराजित खेड़ा देवी चावण्डा माता जी शक्ति पीठ पर खेखरिया नवरात्री ज्वारा विसर्जन किया गया । माता जी के भोपा रोडालाल भील ने बताया की नौ दिवसीय खेखरिया नवरात्री महोत्सव का ज्वारा विसर्जन बडे ही धुमधाम के साथ किया गया। दोपहर तीन बजे महाआरती कर ज्वारा विसर्जन के लिए रवाना हुए जो गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए बावडी मे ज्वारा विसर्जन किया गया । रविवार को नवरात्री का मुख्य रात्री जागरण हुआ । जिसमें भोज बगडावत का कार्यक्रम का मंचन किया गया। ज्वारा विसर्जन के बाद माताजी के भोपाजी द्वारा नेजे पर चढ कर अगले साल की भविष्य वाणी यानी समिया का समाचार बांचा गया। पश्चात पुनः मन्दिर पर आगमन हुआ । इस अवसर पर रोडालाल भील,रूपसिंह,चमन सिह,लालसिंह, दीपसिंह ,शंकरसिंह,प्रकाशसिंह, बबरीसिंह,उदयसिह,बाबुसिंह, बाबुदास, खुमसिंह,घीसासिह,मोहन सिंह,कालुसिंह,प्यारसिंह, कैलाश सिंह,शंकरसिंह, सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

### दीपावली स्नेह मिलन अभिनन्दन समारोह आयोजित



**आकोला।** क्षेत्र के भूपालनगर (डाबर) में नवनियुक्त तहसीलदार अपुर्व गौतम का स्वागत अभिनन्दन किया गया।राजस्थान अंबेडकर शिक्षक संघ उपशाखा भुपालसागर के नेतृत्व में दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम व तहसीलदार का अभिनंदन किया गया, इस अवसर पर प्रदेश मंत्री रतन लाल खटीक, जिला उपाध्यक्ष श्याम लाल मीणा, सरपंच भुपालसागर प्यार चंद्र भील, ब्लाक अध्यक्ष भंवर सालवी भुपालनगर, संगठन मंत्री बाबूलाल बबराणा, महामंत्री रोशन लाल, हरिराम लुणेरा, भरत मेघवाल कानाखेड़ा, माधव लाल बूंल, किशन लाल जटिया उसरोल, किशोरी लाल फलासिया, सैयद असगर अली, राजमल मोची, मदनलाल राव नाथुलाल मीणा, उपाध्यक्ष रमेश खटीक हडमतिया, दुर्गा वर्मा हिंगवानिया, निर्भय, विकास भील, सम्पत लाल, जगदीश सरगरा सहित शिक्षक गण उपस्थित थे। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष भंवर सालवी ने कहा कि भुपालसागर क्षेत्र का शिक्षक मर्यादित, सुसंस्कारित, स्वाभिमानी है तथा राष्ट्रीय कार्यक्रम यथा बीएलओ, पल्स पोलियों, सर्वे, साक्षरता, मिड डे मील सहित जनगणना आदि क्षेत्रों में शिक्षकों ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है उसी के परिणामस्वरूप चित्तौड़गढ़ जिले में अपनी अलग ही पहचान है तत्पश्चात तहसीलदार सा ने सभी शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जिला कलक्टर ने 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' को लेकर मंथन शिविर में दिए निर्देश



**भीलवाड़ा।** जिला कलक्टर नमित मेहता ने सोमवार को 17 विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' को लेकर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मंथन शिविर में दिशा निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए असीम संभावनाएं हैं। अभियान के अंतर्गत इन संभावनाओं पर काम करें तथा सम्पूर्ण प्रादेशिक विकास को गति दें। जनजातीय वर्ग को शिक्षित, स्वस्थ व सुदृढ़ बनाने के लिए अधिकतम प्रयास करें। इस दौरान एडीएम प्रशासन ओम प्रकाश मेहरा, सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, आईएएस भरत मीणा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहें। जिला कलक्टर ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को लेकर समुचित गतिविधियां सुनिश्चित की जाएं तथा अभियान की शत- प्रतिशत क्रियान्विति हो। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को गाइडलाइन को लेकर निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी अपने विभागीय पैरामीटर देखें और आवश्यकतानुसार गतिविधियां संपादित करें। इसी के साथ 15 नवंबर को आयोजित किए जाने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। साथ ही विशेष अभियान अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले शिविरों को लेकर रूपरेखा तैयार करें।

**क्या है अभियान-** 15 नवम्बर को देश आजादी के महान नायक आदिवासी नेता और महान व्यक्ति भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मना रहा है। भारत सरकार वर्ष 2025 को 'जनजातीय गौरव वर्ष एवं 15 नवम्बर 2024 को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करते हुए इस दिन को पूरे देश में राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रमों के साथ वर्ष भर चलने वाले समारोह की शुरुआत करने जा रही है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री द्वारा 2 अक्टूबर 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया गया था।

**अभियान का उद्देश्य-** जिला कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि अभियान का उद्देश्य चयनित आदिवासी बहुल गांवों में सक्षम बुनियादी ढांचे का विकास करना तथा सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाना है। सरकार के समग्र दृष्टिकोण को अपनाकर, मिशन का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा तथा कौशल तक पहुंच में सुधार करना है। साथ ही जनजातीय वर्ग के लोगों को सुरक्षित आवास, समुचित कनेक्टिविटी, जनजाति वर्ग के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी, वन संरक्षण आदि को बढ़ावा देना है।

**7 ब्लॉक के 141 ग्राम सम्मिलित-** सीईओ जिला परिषद चंद्रभान भाटी ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत भीलवाडा व शाहपुरा जिले के 7 ब्लॉक के 141 ग्राम सम्मिलित किये गए है जिसमे कुल 35 हजार 287 परिवारों को लाभ दिया जाएगा। इस हेतु जनजाति बाहुल्यता वाले गांवों में 17 विभागों के 25 इंटरवेंशन्स का क्रियान्वयन किया जायेगा।

# ताणा-कानड़खेड़ा पहाड़ी स्थित माहेश्वरी समाज की कुलदेवी बधर माता का त्रिदीवसीय वार्षिक महोत्सव सम्पन्न

## औरंगाबाद, हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली, एमपी, राजस्थान आदि स्थानों से भक्त गण जनप्रतिनिधियों ने की शिरकत





**आकोला (पुकार) ।** कानड़खेड़ा बधर माता का त्रिदीवसीय वार्षिक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न। सोमानी , बागड़ी, छापरवाल मर्दा, गदिया, हिंगड़ सहित अन्य 14 माहेश्वरी खापों की कुलदेवी बधर माताजी का वार्षिक कार्यक्रम कानड़खेड़ा स्थित निर्माणाधीन भक्ति निवास परिसर में सेकडौ भक्तों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। ट्रस्ट के महा सचिव मन मोहन बागड़ी -सह सचिव गोविंद सोमानी ने बताया कि - अध्यक्ष श्याम सुंदर सोमानी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य गो हितेषजी के आचार्यत्व में तथा पीयूष सोमानी लखनऊ, श्याम सुंदर सोमानी मुख्य यजमान में शत चण्डी पाठ और नौ कुण्डी यज्ञ से प्रारंभ हुआ। दूसरे दिन सवेरे गोपाष्टमी के अपलक्ष्मे भक्तों द्वारा गो पूजन किया गया। रात्रि में श्री नाथ सत्संग मण्डल चितौड़गढ़ के राजेश सोमानी -किशनगढ़ निवासी अंकित सोमानी द्वारा कुलदेवी के भजनों से भक्तों को मंत्र मुग्ध कर अर्ध रात्रि तक झूमने पर मजबूर किया। तीसरे दिन यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। बधर माता सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक सेवा ट्रस्ट की वार्षिक साधारण सभा अध्यक्ष श्याम सुंदर सोमानी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन प्रचार मंत्री पूरण मर्दा ने किया। सचिव मनमोहन बागड़ी ने ट्रस्ट का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया एवं सभी ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। आज तक हुए प्रगति की जानकारी दि गई। अध्यक्ष श्याम सुंदर सोमानी ने अपने संबोधन में इस वास्तुनिर्माण में सहयोग करने वाले दान दाताओ का प्रशासकीय अधिकारियों एवं ट्रस्ट के उपाध्यक्ष गोविन्द गदिया चितौड़गढ़, देवेंद्र सोमानी कपासन, भगवती लाल हिंगड़ आकोला, रमेश मालीवाल आकोला का सहयोग अमूल्य रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित भूपालसागर उपखंड अधिकारी (एसडीएम) पुनीत कुमार गेलडा ने सभा को संबोधन में बताया की यह भक्त निवास के पूर्ण निर्माण होने के पश्चात इस क्षेत्र में भक्तों का आवागमन बढ़ेगा, पर्यटन का विकास होगा। ट्रस्ट के प्रशासकीय कार्य में जो भी सहकार्य चाहिए वह देने में मार्ग दर्शन चाहिए इसलिए मैं सदैव तत्पर हूं, गोविंदलाल गदिया ने इसके पूर्व जिल्हाधिकारी जिलाधिकारी पोसवाल के कार्यकाल में माताजी को जाने वाली सड़क निर्माण करवा के भक्तों की वर्षानुवर्ष से आवागमन की कठिनाई को समाप्त करने पर आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।इस मौके पर कार्यक्रम उपस्थित भक्तों में भीलवाड़ा बधर माता समिति के अध्यक्ष राधेश्यम सोमानी, मंत्री देवेंद्र सोमानी, हैदराबाद समिति के अध्यक्ष राजेश सोमानी, कोषाध्यक्ष शाम सोमानी आदि ने शिरकत की। भोजन व्यवस्था भीलवाड़ा के बालमुकन्द सोमानी -ब्रिज मोहन सोमानी ने संभाली। संपूर्ण कार्य सफल करने में स्थानीय देवेंद्र सोमानी कपासन, भगवती लाल हिंगड़ आकोला, ट्रस्ट के भक्तनिवास के व्यवस्थापक ओमप्रकाश सोमानी का विशेष सराहनीय सहकार्य रहा।

## भगवान महावीर के निर्वाण उपलक्ष्य में होगी निबंध प्रतियोगिता

### राज्य स्तर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक वर्ग में प्रथम स्थान पाने वाले को 3,02,550 रुपए तथा द्वितीय स्थान पाने वाले को 1,02,550 रूपए पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी

**फतहनगर (पुकार) ।** भगवान महावीर के 2550 के निर्वाण वर्ष के उपलक्ष में राजस्थान के कक्षा 6 से 12 के सभी विद्यार्थी के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसका विषय प्रभु महावीर का जीवन एवं उपदेश रहेगा । प्रतियोगिता 1 दिसंबर 24 से 7 दिसंबर 24 के मध्य आयोजित की जाएगी इसमें सभी राजकीय और गैर राजकीय विद्यालय के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे इसमें राज्य स्तरीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर अलग-अलग प्रथम विजेता को पुरस्कार राशि 302550 रुपए तथा द्वितीय विजेता को 102550 रूपए की राशि प्रदान की जाएगी । प्रत्येक जिले के एक मुख्य विजेता को 10,000 तथा 10 आश्वासन पुरस्कार प्रति छात्र 1000 दिए जाएंगे यह प्रतियोगिता अध्यात्म परिवार के द्वारा करवाई जा रही है इस संबंध में शिक्षा निदेशक माध्यमिक आशीष मोदी ने भी एक पत्र समस्त संयुक्त निदेशक के नाम जारी किया है इस प्रतियोगिता की तैयारी हेतु प्रत्येक विद्यालय की अध्यात्म का एवरेस्ट भगवान महावीर नाम की पुस्तिका की पीडीएफ भिजवा दी गई है तथा जिस विद्यालय से 25 से अधिक विद्यार्थी प्रतियोगिता में भाग लेंगे वह विद्यालय प्रतियोगिता में सम्मिलित हो सकेगा यह जानकारी उदयपुर चातुर्मास संयोजक मालदास स्ट्रीट अभिषेक जैन ने दी। जैन ने बताया कि विद्यार्थी 25 नवंबर तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं तथा निबंध के ऊपर विद्यार्थी को अपना नाम ,गांव ,जिला ,पिन कोड अभिभावक का मोबाइल नंबर ,शाला का नाम, कक्षा आदि लिखना होगा । प्रतियोगिता पूर्ण होने पर प्रधानाचार्य दोनों वर्गो के निबंध अलग-अलग पैक करके जयपुर भिजवाएंगे, 20 दिसंबर के बाद निबंध स्वीकार नहीं होगा । 16 फरवरी 2025 को प्रतियोगिता के जिला व राज्य के मुख्य विजेता का सम्मान जयपुर में किया जाएगा। विजेता विद्यार्थी और उसके साथ एक अभिभावक का जयपुर आने का किराया भी दिया जाएगा कक्षा छः से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए निबंध की शब्द सीमा 500 रहेगी तथा कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए शब्द सीमा 800 शब्द रहेगी निबंध हिंदी भाषा में लिखना होगा। जैन संस्कार वाटिका संयोजिका डॉ मनीषा लोढ़ा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य यह है कि हजारों विद्यार्थी भगवान महावीर के अहिंसा के उपयोगी मूल्यों को जान सकेंगे इससे राष्ट्रीय एकता का निर्माण होगा राजस्थान राज्य की भावी पीढ़ी में उज्जवल संस्कार एवं संस्कृति की भावना जागेगी एवं समस्त कार्यक्रम व पुरस्कार राशि भामाशाह बाबूलाल मिश्रीलाल भगाजी भंसाली परिवार मुंबई वाले होंगे।

## राणेरा में जाट समाज उदयपुर की बैठक सम्पन्न

**फतहनगर (पुकार) ।** जाट समाज उदयपुर की बैठक रविवार को राणेरा महादेव मंदिर प्रांगण ढूंढिया में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता लालचंद जाट खेरोदा ने की। बैठक में मातृकुंडिया में नवनिर्मित मंदिर की फरवरी में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा पर चर्चा कर अर्थ संग्रहण समय पर पूरा करने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम में समस्त समाजजनों से उत्साहपूर्वक भाग लेने का आव्हान किया गया। जाट समाज उदयपुर के चुनाव फरवरी 2025 के बाद करवाना, मृत्युभोज में केवल एक मिठाई बनाना आदि निर्णय भी लिए गए। मावली तहसील में तेजादशमी मेला कमेटी के अध्यक्ष पद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया। राहमी गांव में 8 नवंबर 2024 को हुए जाट समाज के चुनाव को अवैध एवं असंवैधानिक बताते हुए निरस्त करने का प्रस्ताव लेकर अखिल मेवाड़ जाट महासभा को अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजने का निर्णय लिया गया। नवीन चुनाव होने तक पूर्व कार्यकारिणी नियमित सक्रियता से कार्य करती रहेगी। समाजजनों के समक्ष शिक्षा, रोजगार, कृषि आदि विषयों पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। बैठक में जाट समाज उदयपुर जिलाध्यक्ष ओंकार वालिया, युवा जिलाध्यक्ष माधवलाल जाट, मावली तहसील अध्यक्ष रामलाल जाट, मावली युवा अध्यक्ष हरीश जाट, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहनलाल चौधरी, भगवान जाट चंगेड़ी, ऊँकार जाट सारंगपुरा, शंकर जाट पीथलपुरा, भगवान जाट खलातोड़, मांगीलाल रुंडेडा, धनराज बड़गाँव, राजेन्द्र जाट मावली, मोहन जाट मावली, देवीलाल जाट ढूंढिया, किशन जाट थामला, महादेव जाट ढूंढिया, भूरालाल जाट मावली, हीरालाल जाट सूरतपुरा, माधवलाल जाट चारगदिया, छगन जाट खेरोदा सहित सेंकडों समाजजन उपस्थित थे।

## अखाड़ा मंदिर पर अन्नकूट का किया आयोजन, आंवला नवमी पर की आंवली की पूजा



**फतहनगर (पुकार) ।** खैंखरा के अवसर पर शुरू हुए अन्नकूटोत्सव के तहत रविवार की शाम आंवला नवमी पर यहां के अखाड़ा मंदिर पर छप्पनभोग का आयोजन किया गया। मंदिर मण्डल के तत्वावधान में आयोजित अन्नकूट के तहत छप्पनभोग के लिए रविवार सुबह व्यजंन तैयार किए गए। प्रभु के समक्ष छप्पनभोग सजाया गया। इसके लिए प्रभु के निज मंदिर के सामने ही भगवान सत्यनारायण की झांकी सजी तथा छप्पनभोग धराया गया। छप्पनभोग सजने के बाद महन्त शिवशंकरदास द्वारा सायं सवा सात बजे महा आरती की गयी। आरती के बाद छप्पनभोग का प्रसाद वितरण किया गया। सब्जी के अन्नकूट के लिए मंदिर परिसर में लम्बी-लम्बी कतारें लगी। लोग प्रभु की आरती एवं छप्पनभोग कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मंदिर की विद्युतसज्जा की गई। कार्यक्रम के दौरान मंदिर मण्डल के अध्यक्ष कैलाशचन्द्र अग्रवाल भी उपस्थित रहे। इधर आंवला नवमी पर अखाड़ा मंदिर पर स्थित श्यामसुन्दर वाटिका में आंवली का पूजन किया गया। सुबह से ही महिलाएं सज धजकर हाथों में पूजन की थालियां लिए वाटिका पहुंची तथा आंवली पूजन एवं कथा श्रवण किया। आंवली पूजन दोपहर तक चलता रहा। महिलाओं ने इस दौरान मंदिर में कद्दू एवं आंवले भी प्रभु चरणों में अर्पित किए। इसी तरह से यहां के द्वारिकाधीश मंदिर में आंवला नवमी पर विशेष श्रृंगार धराया गया। नवनीत प्रियाजी के संग ठाकुरजी को विराजित किया गया। कानों में कुण्डल,हाथों में शंख,चक्र एवं गदा सुशोभित किए गए। गले में आंवलों की मालाएं सजी तथा सायंकाल महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। आंवला नवमी पर यहां भी लोग प्रभु दर्शनों के लिए आते रहे।

## ताणवाण में सात दिवसीय भागवत कथा का हुआ समापन



**आमेट (पुकार) ।** केलवा रोड़ स्थित गांव ताणवाण में सात दिवसीय भागवत कथा का समापन सोमवार को यज्ञ,हवन एवं शोभायात्रा के साथ हुआ । भागवत कथा समापन के दौरान महामंडलेश्वर योगी हितेश्वर नाथ जी ने बताया कि भारत को हिन्दु राष्ट्र की बनने की कामना को लेकर 108 भागवत कथा निशुल्क पुरे भारतवर्ष मै करने का सकल्प ले कर कथा कर रहा हूं। जो मेरा संकल्प है कोई भी भागवत कथा करवाना चाहते है। तो मे हमेशा तैयार रहूंगा। भागवत कथा में महाराज ने कहा कि विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी बुद्धिमान, सुंदर और सरल स्वभाव वाली थीं। पुत्री के विवाह के लिए पिता भीष्मक योग्य वर की तलाश कर रहे थे। राजा के दरबार में जो कोई भी आता वह श्रीकृष्ण के साहस और वीरता की प्रशंसा करता। कृष्ण की वीरता की कहानियां सुनकर देवी रुक्मिणी ने उन्हें मन ही मन अपना पति मान लिया था।

महामंडलेश्वर योगी हितेश्वर नाथ जी ने कहा कि उद्धव जी भगवान के विशेष भक्त थे। जब भगवान व्रज से मथुरा आए और कंस को मारकर सभी यादवों को खुश किया,तो भगवान ने एकान्त में अपने प्रिय सखा उद्धव को बुलाया और कहा, 'उद्धव! व्रज की गोपियाँ मेरे वियोग में व्याकुल होंगी, तुम जाकर उन्हें समझा आओ। उन्हें मेरा संदेश सुनाओ कि मैं तुमसे अलग नहीं हूँ, मैं हमेशा तुम्हारे साथ हूँ।' उद्धव जी ने अपने इष्टदेव की आज्ञा का पालन करते हुए नंद के व्रज में जा पहुँचे।वहाँ, व्रजवासियों ने उद्धव जी को उन्हें चारों ओर से घेर लिया और विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछने लगे। कोई आँसू बहाने लगा, कोई मुरली बजाते-बजाते रोने लगा,कोई भगवान् का कुशल-समाचार पूछने लगा। उद्धव जी ने सबको यथायोग्य उत्तर दिया और सब को धैर्य बँधाया। उद्धव जी ने एकान्त में जाकर उन्होंने गोपियों को अपना ज्ञान-सन्देश सुनाया।

भगवान् वासुदेव कहीं एक जगह पर नहीं हैं, वे सर्वत्र व्यापक हैं। हमें उनमें भगवत-बुद्धि रखकर सर्वत्र उन्हें देखना चाहिए। गोपियों ने रोते-रोते कहा, 'उद्धवजी! तुम ठीक कह रहे हो, पर हम गँवार और वनचरी हैं, इस गूढ़ ज्ञान को हम कैसे समझ सकते हैं? हमें तो वह श्यामसुंदर की भोली-भाली सूरत में ही खुशी मिलती है। उनका हास्यमय मुख,वृन्दावन की सम्पूर्ण भूमि पर उनकी अनगिनत स्मृतियों में बसा है।'इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रंद्वालु उपस्थित थे।

# निंबाहेड़ा अग्रवाल समाज का दीपावली स्नेह मिलन (अन्नकूट महोत्सव) समारोह हुआ आयोजित

## बाबा श्याम के जन्म दिन पर खाटूश्याम भजन संध्या का हुआ आयोजन

**निंबाहेड़ा (पुकार) ।** निम्बाहेड़ा में यहां अग्रवाल समाज द्वारा एक दिवसीय दीपावली स्नेह मिलन समारोह (अन्नकूट महोत्सव) एवम् बाबा श्याम के जन्म दिन के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन अग्रसेन नगर छोटी सादड़ी रोड पर किया गया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्रवाल समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रमों के अन्तर्गत अग्रसेन महाराज की महाआरती,खाटू श्याम भजन संध्या,बाबा श्याम का जन्मदिन एवम् अग्रवाल समाज की नवीन कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई। उक्त कार्यक्रम में अग्रवाल समाज की महिलाएं पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे। निंबाहेड़ा में गत माह 20 अक्टूबर को अग्रवाल समाज के चुनाव सम्पन्न हुए थे जिसमें आशीष अग्रवाल अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुवे थे। उसके पश्चात अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित इस प्रथम कार्यक्रम में बैठक आयोजित की गई जिसमें अग्रवाल समाज की नवीन कार्यकारणी की भी घोषणा की गई। जिसमें भवन निर्माण समिति अध्यक्ष नरेन्द्र नरेड़ी, संरक्षक अम्बालाल गर्ग,गोपाल नरेड़ी, जगदीश बिंदल,विष्णु अग्रवाल अनिल गर्ग,सचिव- दिनेश चौधरी, वरिष्ठ परामर्शदाता- जी.आर. गर्ग ओम गर्ग (केली) ओम अग्रवाल (निकुम्भ) कैलाश अग्रवाल सुरेश फतेह नगर उपाध्यक्ष : राज कुमार रायपुरिया उदयलाल बिन्दल राज कुमार अग्रवाल (ए.सी.प्रतापगढ़) लक्ष्मण गर्ग (कोट वाले) राजेश अग्रवाल (नमकीन) कोक्षाध्यक्षः अरुण गर्ग,सह कोक्षाध्यक्षः हेमन्त गोयल, मिडिया प्रभारी : निशान्त अग्रवाल को बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य- गोपाल (पिपलोन वाले),राज कुमार अग्रवाल (चित्तौड़ वाले),अनिल (निकुम्भ),सुरेश (समाधान),शिव अग्रवाल (रठाजना वाले) किशन अग्रवाल (कैली), रतन (अटल नगर), नारायण गोयल, राजेश (डाणी), मनिष (साईकल वाले),नविन, किशन,(गणेशम मोबाईल),नितेश (चिकारडा),राजेश बंसल (कैली वाले), अमित अग्रवाल, संकेत ,किशोर (कैली), गौरव बंसल, रवि (फेशन),विक्रम सुलतानिया, दिपक (करथाना) संजय (हाऊसिंग बोर्ड) को बनाया गया वह दो वर्ष के लिए मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में सभी अग्रवाल समाजजनों ने सर्व प्रथम अग्रसेन जी की महाआरती की तदपश्चात उपस्थित समस्त समाजजनों ने स्नेहभोज का प्रसाद लिया एवम् बाबा श्याम के भजनों का आनंद लिया।भजन गायक अखिलेख ठाकुर,दीप, माही,दीपा दाधीच ने अपने भजनों से रिझाया और फिर बाबा श्याम का जन्मदिन मनाया व समाजजनों ने नए अध्यक्ष आशीष अग्रवाल को सफल कार्यक्रम की बधाई और शुभकामनाएं दी। ज्ञातव्य हो कि आशीष अग्रवाल वर्तमान में निंबाहेड़ा किराना व्यापार संघ के भी अध्यक्ष पद पर नियुक्त हैं और उनके कुशल नेतृत्व और नवाचार करते हुवे सभी को साथ लेकर सामंजस्य बैठाने की कुशलता से सभी परिचित है। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष आशीष अग्रवाल एवं सीमा अग्रवाल द्वारा किया गया महिला मंडल अध्यक्षा श्रीमती कमला रायपुरिया के नेतृत्व में महिलाओं ने सुंदर रंगोली बनाई गई। गोपाल नरेड़ी की तरफ से सभी महिला मंडल की महिलाओं को सर्टिफिकेट व पुरस्कार दिए गए इसके लिए अध्यक्ष अग्रवाल द्वारा गोपाल नरेड़ी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# उपचुनाव प्रचार का आखरी दिनः मुख्यमंत्री बोलेः पंजे ने देश को गंजा कर दिया

## ●सीएम की सभा में पांडाल पड़ा छोटा, हजारों की संख्या में उमड़े कार्यकर्ता



सीमलवाड़ा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत अभिनंदन करते हुए।



सीमलवाड़ा। कुंआ की चुनावी सभा में एकजुटता का संदेश देते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित नेता



सभा के बाद पोस्टर हाथों में पकड़ ले जाते हैं हुए कार्यकर्ता।

**सीमलवाड़ा (पुकार)।** चौरासी विधानसभा उपचुनाव प्रचार के आखरी दिन सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस और भारत आदिवासी पार्टी पर जमकर बरसे। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पंजे ने तो देश को गंजा कर दिया। राजकुमार रोत जब पहली बार विधायक बने तब कांग्रेस की सरकार ने उन्हें रोक लिया। तब वे भाजपा कार्यालय से किसी आदिवासी पर अत्याचार नहीं हो इसके लिए छुड़ाने गए। लेकिन राजकुमार अब भूल गए है। मुख्यमंत्री के साथ ही भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने सभा स्थल से एक किमी दूर शंकर डामोर के घर पूजा अर्चना की ओर चाय भी पी। इसके बाद मुख्यमंत्री के साथ परिवार के लोगो ने फोटो भी खिंचवाए। ओर बच्चों को चॉकलेट भी खिलाई।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सभा में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रत्याशी कारीलाल वो व्यक्ति हैं जो अपने सभी काम छोड़कर जनता की सेवा में लगते हैं। ये वो भूमि है जो आदिवासीयों भाईयों ने कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेजो के खिलाफ गोविंद गुरूजी के नेतृत्व में मातृभूमि के गौरव के लिए प्राणों की आहूति दी थी। सभी शहीदों को भी श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। क्योंकि हमारा इतिहास आज का नहीं है। हमारा इतिहास पुराना है। हमारे इस क्षेत्र के लोगों ने आजादी की लड़ाई के लिए संघर्ष किया था। मैं तो हमेशा वागड़ की धरती पर आता रहा हूं। प्रकृति की गोद में बसा यह वागड़ क्षेत्र राजस्थान के मस्तक पर मुकुट के समान है। और मुकुट के समान इसलिए है, क्योंकि यह क्षेत्र हरा भरा क्षेत्र है। 11 महीने हमारी सरकार को हुए हैं। अगर सबसे ज्यादा मैं कहीं आया हूं तो वागड़ की धरती पर आया हूं। क्षेत्र की समस्याएं सरकार की प्राथमिकता है। बिना किसी के आए मैंने बजट में कई घोषणाएं की। 125 करोड़ की लागत से सोम कमला, भीखा भाई सागवाड़ा परियोजना की घोषणा की। इस योजना से चौरासी विधानसभा को काफी लाभ पहुंचेगा। हमने 2 साल का कलेंडर जारी किया है। हमने युवाओं से कहा है आप तैयारी करो। 5 साल में हमने 4 लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया है। इस साल हमने एक लाख नौकरियों का वादा किया है। 33 हजार नियुक्ति पत्र हमने दे दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं उन सरकारों से कहना चाहता हूं अगर 6 साल पहले युवाओं को रोजगार दिया होता तो उनका क्या जाता। कांग्रेस ने हमेशा झूठ और लूट की राजनीति की है। हमने घोषणा पत्र में वादा किया था हमारी सरकार आई तो 450 रुपए में सिलेंडर मिलेगा। हमारी सरकार ने यह वादा पूरा किया। हमने सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1000 से 1150 रुपए किए। हमने आंगनबाड़ी बहनों की 15 प्रतिशत पेंशन बढ़ा दी। सरपंच-उपसरपंच का भी भत्ता बढ़ाने का काम हमारी सरकार ने किया।

आपके यहां के सांसद हैं जो पहले विधायक थे। पिछली बार मैं प्रदेश का महामंत्री हुआ करता था संगठन का। तब मैंने टीवी पर देखा एक आदिवासी विधायक को कांग्रेस की सरकार के इशारे पर उनको जाकर घेर लिया है। और घेरकर उनके साथ जबरदस्ती कर रहे हैं। मैं कार्यालय में बैठा तो तब मुझे पता चला तो मैं तुरंत गाड़ी लेकर वहां से निकला और मैंने वहां जाकर देखा राजकुमार रोत बाहर खड़े थे और उनकी गाड़ी की चाबी निकाल ली थी। मेरा कोई संबंध नहीं था। मेरा संबंध केवल इतना था कि मेरे आदिवासी भाई को कोई परेशान कर रहे हैं। कांग्रेस के लोग उन पर दबाव बना रहे हैं। तुरंत में गया और उनको छुड़ाया। भाजपा के कार्यकर्ता बुलाए और ये काम किया। इन आदिवासी भाइयों के लिए हमने हमेशा काम किया है।

# मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण, आज रवाना होंगे मतदान दल

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने तैयारियों को दिया अंतिम रूप

**डूंगरपुर(पुकार)।** विधानसभा उप चुनाव- 2024 के तहत 13 नवम्बर को चौरासी विधानसभा क्षेत्र के 251 मतदान केन्द्रों पर मतदाता मतदान करेंगे। रिटर्निंग ऑफिसर चौरासी विधानसभा क्षेत्र कपिल कोठारी ने बताया कि 2 लाख 55 हजार 375 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 1 लाख 30 हजार 647 पुरुष, 1 लाख 24 हजार 727 महिला तथा एक ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

श्री भोगीलाल पण्ड्या राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को पोलिंग पार्टियों को अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने मतदान दलों की सुगम और सहज रवानगी के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया। एसबीपी कॉलेज परिसर में वाहन आवंटन, चुनाव सामग्री, यात्रा भत्ता, चिकित्सा सहायता, पुलिस बल, वेलफेयर, माइक्रो ऑब्जर्वर, सेक्टर ऑफिसर, ईवीएम, वीडियोग्राफर सहित अन्य काउंटर बनाए गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने कहा कि शांतिपूर्वक तथा सौहार्दपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने की डूंगरपुर जिले की स्वस्थ परंपरा रही है। उप चुनाव को शांतिपूर्ण, भयमुक्त और निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। मतदान प्रक्रिया में नियुक्त सभी कार्मिक निष्पक्ष, निष्ठापूर्वक, प्रतिबद्धता और कर्तव्य परायणता तथा आपसी सामंजस्य के साथ चुनाव संपन्न कराएंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रां पर वेबकास्टिंग और सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी।

# भाकपा का 16 वां जिला सम्मेलन संपन्न, डामोर पुनः बनें जिला सचिव

### ❍ देश की पूंजीवादी व्यवस्था गरीबी अमीरी की खाई को ओर बढ़ा रही है -कॉ. मीणा

**डूंगरपुर(पुकार)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) डूंगरपुर का 16 वां जिला सम्मेलन सोमवार को राम रोटी भवन में दूसरे दिन भी जारी रहा।

सम्मेलन के दूसरे दिन सचिव की रिपोर्ट पर प्रतिनिधियों द्वारा पुछे गये सवालों, सुझाव व संशोधन पर जिला सचिव गौतमलाल डामोर ने जबाव देते हुए बताया कि वर्तमान समय में अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य, जिला स्तर पर जाति,धर्म, राष्ट्र के नाम पर बढ़ती पहचान की राजनीति, दक्षिणपंथी पुंजीपति के गठजोड़ का उभार,संवैधानिक संस्थाओं में गिरावट और मीडिया में सत्ता के पक्ष में झुकाव के रुझान से पैदा आर्थिक संकट और



धार्मिक ध्रुवीकरण ने वामपंथी और जनतांत्रिक दलों के लिए राजनैतिक चुनौतियां पैदा कर दी है। यह हमारे लिए चुनौती के साथ बेहतरीन अवसर भी है। प्रतिनिधियों द्वारा सांगठनिक कमजोरियों को दूर करने हेतु दिये गये सुझाव पर अमल कर पार्टी संगठन का जिले में विस्तार किया जाएगा। जिला सचिव के प्रस्ताव पर प्रतिनिधियों सुझावों सहित राजनैतिक सांगठनिक रिपोर्ट सर्वसम्मति पास की। सम्मेलन में भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिकता, गरीब ठेले व्यवसायी, आदिवासियों के वनाधिकार पट्टों, किसान कर्ज माफी, सड़क, बिजली, पानी, जमीन, आदिवासी दलित अत्याचार, किसान, मजदुर, महिलाओं छात्रों के मुद्दों मांगों को लेकर संघर्ष करने के प्रस्ताव लिये गए। सम्मेलन में नई कमेटी का प्रस्ताव पर्यवेक्षक राज्य सचिवमंडल सदस्य कॉ.दुलीचंद मीणा ने सम्मेलन में पेश कियाए जिसमें 15सदस्यीय कमेटी का चुनाव किया।

# शिक्षक संघ राष्ट्रीय प्रदेश स्तरीय मीड़िया प्रकोष्ठ बैठक सम्पन्न

### ❍ संगठन को बल व गति देने में मीड़िया की भूमिका अहम -घनश्याम

**डूंगरपुर(पुकार)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश स्तरीय मीड़िया बैठक, संगठन के अध्यक्ष रमेशचंद्र पुष्करणा की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। जिसमे प्रदेश महामंत्री महेन्द्र लखारा, प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम, प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री योगेश कुमार शर्मा, प्रदेश मीड़िया प्रकोष्ठ के संयोजक चन्द्रप्रकाश कुर्मी, जयपुर संभाग उपाध्यक्ष बसंत जिन्दल सहित प्रदेश मीड़िया प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों व संभाग प्रभारियों ने भाग लिया।

संगठन के प्रदेश महामंत्री महेन्द्र कुमार लखारा ने बताया कि वर्तमान में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ढ़ाई लाख सदस्यों के साथ पूरे भारत का सबसे बड़ा संगठन है। संगठन की शिक्षकों की समस्याएं उठाने के साथ समाज जागरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए संगठन के कार्यो और विविध कार्यक्रमों को सभी कार्यकर्ताओं के साथ साथ समाज के विभिन्न अंगो तक पहचाना बहुत आवश्यक है। इसमें मीड़िया की भूमिका बहुत अहम है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यकर्ताओ और मीड़िया के संसाधनों का किस प्रकार अधिकतम उपयोग शिक्षा, शिक्षार्थी, शिक्षक हित के लिए किया जा सकता हैं। प्रदेश मीडिया टोली को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम ने कहां कि संगठन को बल और गति देने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने मीड़िया के सभी साधनों वेबसाइट, वाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब, प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, टेलिग्राम के प्रभावी उपयोग पर अपने विचार रखे।

# स्वामीनारायण संस्था द्वारा भव्य अन्नकूट महोत्सव

**डूंगरपुर(पुकार)।** बीएपीएस स्वामीनारायण संस्थान डूंगरपुर,द्वारा सेवक समाज के नोहरे में भव्य अनुकुट्ट महोत्सव एवं दिव्य सत्संग प्रवचन का आयोजन हुआ। जिसमें पूज्य सर्व दर्शन स्वामी कोठारी, स्वामी जयपुर,अक्षरधाम स्वामीनारायण मंदिर,पूज्य धर्म निष्ठ स्वामी, पूज्य परम मुनि स्वामी, पूज्य शुभ संकल्प स्वामी का मार्गदर्शन लाभ प्राप्त हुआ।



उन्होंने बताया कि आज इंसान जो खाने-पीने की वस्तु है,उसे छोड़कर जो नहीं खाना चाहिए उसका भक्षण कर रहा है प्रकृति ने हमें अनेकों विटामिन युक्त फल अनाज दिए हैं उसका सेवन नहीं करते और मांसाहार अपनाते हैं, जो अनेकों बीमारियों की जड़ है, हमें शाकाहार अपनाना चाहिए जिससे मन, बुद्धि शरीर शुद्धता को प्राप्त करें। साथ ही समस्त सनातन हरि भक्तों को संगठित रहने का आव्हान किया।

# 7 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए दिशा-निर्देश जारी

### विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सोमवार शाम 6 बजे से प्रचार-प्रसार थमा

**जयपुर-डूंगरपुर(पुकार)।** प्रदेश के 7 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए प्रचार-प्रसार कार्य सोमवार 11 नवम्बर शाम 6 बजे से थम गया है. इन क्षेत्रों में मतदान बुधवार 13 नवम्बर को होगा। इसके साथ ही किसी भी चुनावी रैली, रोड शो और चुनावी सभा आदि प्रचार अभियानों के आयोजन पर प्रतिबन्ध लागू हो गया है। इस अवधि में टीवी चौनल, मोबाइल एसएमएस, रिकार्डेड कॉल, अन्य इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सिनेमा हाल पर चुनावी प्रचार-प्रसार से सम्बंधित विज्ञापन भी बंद रहेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव-2024 के लिए मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के अनुसार, निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले साइलेंस पीरियड के दौरान प्रत्याशी और उनके समर्थक केवल घर-घर जाकर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान के लिए आग्रह कर सकते हैं। प्रतिबंध की अवधि 11 नवम्बर शाम 6 बजे से आरंभ होकर मतदान समाप्ति के समय 13 नवम्बर को शाम 6 बजे तक प्रभावी रहेगी। महाजन के अनुसार, विधानसभा उपचुनाव के लिए एग्जिट पोल के प्रसारण पर भी प्रतिबन्ध लागू हो गया है, जो महाराष्ट्र और झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव-2024 सहित अन्य राज्यों में उपचुनाव के अन्तिम चरण की मतदान की अवधि समाप्त होने के बाद 20 नवम्बर शाम 6.30 बजे तक प्रभावी रहेगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि साइलेंस पीरियड़ के 48 घंटों की अवधि के दौरान

1. निर्वाचन के संबंध में कोई भी प्रत्याशी, राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा, न आयोजित करेगा, न उसमें उपस्थित होगा, न उसमें सम्मिलित होगा और न ही उसे संबोधित करेगा।
2. चलचित्र, टेलीविजन या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, रिकार्डेड फोन कॉल या मोबाइल संदेश सहित अन्य माध्यमों के द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं किया जाएगा।
3. कोई संगीत समारोह या कोई नाट्य अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद-प्रमोद कार्यक्रम आमजन को उसके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके, लोगों के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं किया जाएगा।

यदि कोई व्यक्ति इन उपबंधों का उल्लंघन करता है, तो दो वर्ष तक कारावास या जुर्माना या दोनों सजा हो सकती हैं।

# सामान्य प्रेक्षक के. विवेकानंदन ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**डूंगरपुर(पुकार)।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री के. विवेकानंदन ने चौरासी विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के लिए स्थापित विभिन्न मतदान केंद्रों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता, पेयजल, रोशनी, दिव्यांगजन मतदाताओं के लिए रैंप, सुरक्षा व्यवस्था एवं मतदाताओं को सुविधाएं प्रदान करने संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इन मतदान केंद्रों पर देखी व्यवस्थाः- विवेकानंदन ने चौरासी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत राउमावि. पाडली गुजरेश्वर, राउमावि. करावाड़ा, राउप्रावि. मोरडूंगरा, राउमावि. बलवानिया, राउमावि. वाणियातालाब, राउमावि भाणासीमल सहित अन्य मतदान केंद्रों की साफ-सफाई और व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मतदाता शांतिपूर्ण माहौल में अपना मतदान कर सकें। इस दौरान लाइजन ऑफिसर मेहुल कटारा भी साथ थे।

सुरक्षा व्यवस्थाः- विवेकानंदन ने मतदान केंद्रों के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मतदाता स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में बिना किसी भय के अपना मतदान कर सकें। निरीक्षण के दौरान श्री विवेकानंदन ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। निरीक्षण के बाद विवेकानंदन ने कहा कि मैंने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया है और मैं संतुष्ट हूं कि सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मैं चौरासी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील करता हूं कि 13 नवम्बर को वे मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत करें।

# तुलसी विवाह आयोजन की तैयारियां पूर्ण

### ●तुलसी विवाह का भव्य आयोजन आज



**डूंगरपुर(पुकार)।** तुलसी विवाह का आयोजन 12 नवम्बर मंगलवार को गेपसागर की पाल स्थित श्रीनाथ जी मंदिर मे भव्य आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं।

श्री मुरलीधर जी के मंदिर के आयोजन में वर पक्ष अशोक कारीलाल द्वारा विवाह के रिवाज किए जाएंगे एवं श्रीनाथ जी मंदिर में वधुपक्ष जिग्नेश प्रवीण श्रीमाल द्वारा विवाह के पूर्व गणपति पूजनए उकरडी पूजनए मायर पूजनए कुंवर कलेवा ए गृहशांति मंडप के रिवाज पूर्ण किए जाएंगे। तुलसी विवाह गोधूलि वेला सम्पूर्ण वैवाहिक माए रस्मो सात फेरे, हस्त मिलाप, पाणिग्रहण, कन्या दान में पूर्ण कर रात्रि 10 बजे बारात विदाई का कार्य आरती प्रसाद के बाद पेरावणी के साथ किया जाएगा। ठाकुर जी की बारात 9 अश्वों पर अंकित श्रीमाल, शिवराम मोची, नानूराम पंवार, हितेश पंचाल, नरेंद्र आर्य, संदीप श्रीमाल,भानु भाई शाह, मनोज खटीक एवं प्रकाश लबाना की अगवानी के साथ बग्गी में निकाली जावेगी। विवाहोत्व आयोजन के तहत सायंकाल मुरलीधर मंदिर से ठाकुर जी भगवान सालिगराम जी का वरघोड़ा वर पक्ष के यजमान परिवार के सानिध्य में निकाला जावेगा,जो अपनें परम्परागत मार्ग पुराना अस्पताल, कंसारा चौक, सोनिया चौक, माणक चौक, कानेरा पोल, धनलक्ष्मी बाजार से पुराना अस्पताल होते हुए गेपसागर की पाल श्रीनाथ जी मंदिर पहुचेगा जहाँ पर ठाकुरजी का तोरण होगा और वधु पक्ष यजमान परिवार द्वारा ठाकुर जी की आगवानी की जावेगी और वेदोक्त मंत्रोच्चार से ठाकुरजी व मातारानी तुलसी जी का आचार्यवत में विवाह संम्पन करवाया जावेगा।

# डूंगरपुर जिले में स्वतंत्र,निष्पक्ष मतदान कराने के लिए निषेधाज्ञा जारी

**डूंगरपुर(पुकार)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा उप चुनाव-2024 के तहत शांतिपूर्वक, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष, सुव्यवस्थित ढंग से कराए जाने व विधानसभा चौरासी के सभी मतदाता विशेषकर कमजोर वर्ग के मतदाता बिना किसी आंतक व भय के अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग कर सके। इसके लिए शांति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना नितान्त आवश्यक है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के तहत मतदान के समाप्त होने वाली 48 घंटो की पूर्व अवधि में निर्वाचन प्रचार अभियान समाप्त हो जाएगा। इसलिए इस अवधि में सार्वजनिक सभाओं आदि के माध्यम से निर्वाचन प्रचार क्रियाकलाप रोक दिए जाते है। हालांकि मतदान क्षेत्रों में कड़ी निगरानी बनाए रखने की आवश्यकता है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई अवांछित तत्व गैर कानूनी, अवैधानिक गतिविधियों जैसे कि राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए मतदाताओं को अनावश्यक रूप से प्रेरित करने और प्रभावित करने के लिए नगद, उपहार, शराब आदि के अवैध वितरण आदि नहीं हो पाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट अंकित कुमार सिंह ने बताया कि डूंगरपुर जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष भय मुक्त मतदान सम्पन्न कराने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 की निरन्तरता में निषेधाज्ञा घोषित की गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह ने बताया कि मतदान समाप्ति पूर्व 48 घंटे की अवधि में चुनाव प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। इस 48 घंटे की अवधि के दौरान किसी भी व्यक्ति समूह द्वारा विधि विरूद्ध जमाव, जनसभा करने अथवा उसमें भाग लेना पूर्णयता प्रतिबंधित रहेगा। दिनांक 11 नवम्बर (सोमवार) सायं 6 बजे से 13 नवम्बर (बुधवार) सायं 6 बजे तक (मतदान समाप्ति तक) की अवधि के दौरान सभाओं पर प्रतिबंध और सार्वजनिक बैठकों पर रोक लगाने के संबंध में आदेश जारी किए गए है

## संक्षिप्त समाचार

### महाविद्यालय में नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

**डूंगरपुर(पुकार)।** श्री भोगीलाल पंड्या राजकीय महाविद्यालय में राज्य सरकार की नई किरण नशा मुक्ति योजना के तत्वावधान में विद्यार्थियों को



नशा मुक्ति की शपथ प्राचार्य डॉ. गणेश लाल निनामा ने दिलवाई एवं उनको जीवन में नशा मुक्ति एवं सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के संबंध में सारगर्भित उद्बोधन दिया।

एनएसएस की संयोजक डॉ.योगिता निनामा ने जीवन में नशा मुक्ति को अपनाकर सृजनात्मक कार्य करके जीवन को सफल बनाने हेतु उद्बोधन दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी विनय भारद्वाज एवं तेजवीरसिंह भी शपथ ग्रहण में उपस्थित रहे।

### बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर भजन संध्या आज

**राजसमंद (पुकार)।** प्रभु श्री खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव पर श्री श्याम सेवा समिति एवं जेसी ग्रुप वेलफेयर सोसाइटी की ओर से श्याम भजन संध्या कांकरोली पुराना बस स्टैंड पर मंगलवार को आयोजित की जाएगी। भजन संध्या में गायक महावीर सांखला, उमेश पुरोहित, प्रेम शंकर जाट, मंजू गुर्जर एवं योगेश गुरु आदि कलाकार भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां देकर प्रभु श्री खाटू श्याम की आराधना करेंगे। इसको लेकर कार्यक्रम स्थल पर बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाने के साथ ही पंडाल निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। साथ ही कार्यक्रम में प्रभु खाटू श्याम जी की प्रतिमा को अलौकिक श्रृंगार धराया जाएगा। प्रभु को जन्मोत्सव के अवसर पर छप्पन भोग का प्रसाद भी धराया जाएगा। साथ ही बाबा के दरबार में इत्र और पुष्प वर्षा भी की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर समिति के कार्यकर्ताओं की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर पंडाल निर्माण, आकर्षक लाइटिंग एवं भव्य तोरण द्वार निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 3 गिरफ्तार

**राजसमंद(पुकार)।** जिले की कांकरोली व देलवाड़ा थाना पुलिस ने निरोधात्मक कार्यवाही में 3 जनों को गिरफ्तार किया है। काकंरोली थानाधिकारी हनवन्त सिंह सोढ़ा ने खुशाल जैन (24), राजेश (28) को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया। थानाधिकारी देलवाड़ा ने आतिश (24), को शांति भंग के आरोप में गिरपतार किया।

### वाड़ा हथाई गांव में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन 16 को

**डूंगरपुर(पुकार)।** हथाई के समीपवर्ती वाड़ा हथाई गांव में 16 नवम्बर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। दीपावली स्नेह मिलन समारोह अन्तर्गत शनिवार रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होने वाले इस कवि सम्मेलन में कवयित्री निशा पंडित उज्जैन, लाफ्टर चैम्पियन मुन्ना बैटरी मंदसौर, ओजस्वी राष्ट्रीय कवि सिद्धार्थ देवल उदयपुर, हास्य कवि पार्थ नवीन प्रतापगढ़, हास्य कवि छत्रपाल शिवाजी सागवाड़ा, मंच संचालक सुरेश सरगम फलोज वागड़ी कवि गोपाल सेवक डूंगरपुर और कवि सुनील पटेल सन्नाटा उपस्थित होंगे। समस्त गांव वाडा हथाई वासियों ने कवि सम्मेलन में आस पास के सभी गांवों के कविता प्रेमी श्रोताओं को कवि सम्मेलन में भाग लेने के लिए अपील की है।

### चौरासी क्षेत्र के विद्यालयों में स्थानीय अवकाश घोषित

**डूंगरपुर(पुकार)।** विधानसभा उप चुनाव-2024 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर श्री अंकित कुमार सिंह ने डूंगरपुर मतदान दल रवानगी दिवस 12 नवम्बर (मंगलवार) को जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र चौरासी-161 के उन विद्यालयों जिनमें मतदान संबंधी कार्य एवं मतदान दलों के रूकने की व्यवस्था की जाएगी, उन समस्त विद्यालयों में स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

### कृषक डीएपी उर्वरक के स्थान पर एसएसपी एवं एनपीके ग्रेडस उर्वरकों का करें प्रयोग

डूंगरपुर। जिले में रबी 2024-25 की मुख्य फसलों में गेहूं, सरसों व चना की खेती होती है। जिले में सहकारी एवं निजी संस्थाओं में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक परेश पण्ड्या ने बताया कि किसानों के मांग के अनुरूप समय पर उर्वरक उपलब्ध करवाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। कृषक डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फॉस्फेट और एनपीके उर्वरकों का अधिक उपयोग कर अच्छी पैदावार ले सकते है। उन्होंने बताया कि एसएसपी एक फास्फोरस युक्त उर्वरक है। जिसमें 16 प्रतिशत फास्फोरस एवं 11 प्रतिशत सल्फर की मात्रा पाई जाती है। इसमें उपलब्ध सल्फर के कारण यह उर्वरक तिलहन एवं दलहन एवं दलहन फसलों के लिए डीएपी उर्वरक की अपेक्षा अधिक लाभदायक होता है। एक बेग डीएपी के स्थान पर तीन बेग एसएसपी एवं एक बेग यूरिया का संयोजन कर उपयोग करने से पैदावार में बढ़ोतरी होती है। फसलों के मुख्य पोषक तत्वों की संतुलित आपूर्ति के लिए उपयुक्त एनपीके ग्रेडस उर्वरकों का प्रयोग करें। एसएसपी उर्वरक का उत्पादन राज्य में होने के कारण आसानी से उपलब्ध है। खेती में उत्पादन लागत कम करने एवं मुदा में पोषक तत्वों की उपलब्धता संतुलित बनाए रखने के लिए सॉयल हेल्थ कार्ड में दी गई अनुशंषा अनुसार उर्वरक उपयोग करे।

### मतदान दल कार्मिक एवं माइक्रो पर्यवेक्षकों का तृतीय रेण्डमाइजेशन

**डूंगरपुर(पुकार)।** विधानसभा उप चुनाव-2024 के तहत निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार मतदान दल कार्मिकों एवं माइक्रो पर्यवेक्षक का तृतीय रेण्डमाइजेशन सामान्य प्रेक्षक श्री के. विवेकानंदन की उपस्थिति में सोमवार को जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी डूंगरपुर के कार्यालय में आयोजित किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश धाकड़, मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री हनुमान सिंह राठौड़, उपखण्ड अधिकारी डूंगरपुर श्री मुकेशचन्द्र मीणा, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में विधानसभा उप चुनाव-2024 के तहत निर्वाचन विभाग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर प्रणाली की जानकारी जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी द्वारा प्रदान की गई। चुनाव आयोग, जयपुर द्वारा अधिकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से तृतीय रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत जिले में नियुक्त कार्मिकों के विधानसभा क्षेत्र चौरासी के लिए मतदान दलों एवं माइक्रो पर्यवेक्षक को मतदान केन्द्रों का आवंटन किया गया तथा नियमानुसार आरक्षित दलों का प्रावधान किया गया।

### स्काउट गाइड का चार दिवसीय द्वितीय-तृतीय सोपान जांच प्रशिक्षण शिविर पीपलादा में सम्पन्न

**डूंगरपुर(पुकार)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ जिला डूंगरपुर के तत्वाधान में चार दिवसीय द्वितीय। तृतीय सोपान जांच प्रशिक्षण शिविर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीपलादा में आयोजित किया गया।

भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव भैरुलाल कटारा ने बताया कि इन चार दिवसीय प्रशिक्षण में 94 स्काउट गाइड ने भाग लिया। तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर में स्काउट गाइड के नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्रार्थना, स्काउट गाइड का आदर्श वाक्य, स्काउट गाइड के उद्देश्य, स्काउट गाइड का इतिहास, प्राथमिक उपचार, सेल्यूट व बायां हाथ मिलाना, विभिन्न प्रकार की जीवन उपयोगी गांठे आदि प्रशिक्षण में स्काउट गाइड को प्रशिक्षण में सिखाया।

